
हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026









## पीएम आवास योजना: किस्त के लिए भटक रहे हितग्राही, अटका निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर में स्वयं की जमीन पर आवास निर्माण करने वाले परिवारों को पहली किस्त की राशि जारी होने के बाद अब दूसरी किस्त की राशि के लिए नगर निगम के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी के तहत लगभग ढाई लाख रुपए आवास निर्माण के लिए स्वीकृत किए जाते हैं। इस योजना के तहत आवास निर्माण के लिए राशि लगभग चार किस्तों में मिलती है। आवास निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने के पश्चात डीपीसी लेवल पूर्ण होने के बाद मौके पर जिओ टेक के माध्यम से फोटोग्राफी पश्चात पहली किस्त की राशि लगभग 63 हजार रुपए जारी की जाती हैं। इसके बाद भवन का निर्माण जैसे-जैसे आगे बढ़ता है, हितग्राही के खाते में राशि डाली जाती है। यह राशि जिओ टेक होने के बाद लगभग 10 से 15 दिन के भीतर हितग्राही के खाते में प्राप्त हो जाती है, लेकिन बीते कुछ महीनों से हितग्राहियों को पहली किस्त की राशि तो जारी हो रही है, लेकिन दूसरी और तीसरी किस्त के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। हितग्राही कर्ज लेकर भवन निर्माण कर रहे हैं और समय पर किस्त की राशि नहीं मिलने से आवास निर्माण करने में समस्या हो रही है। जिसके कारण लोग परेशान हो रहे है।

### नगर निगम के चक्कर काट रहे हितग्राही, जिओ टेक के बाद भी किस्त जारी नहीं

#### पहली किस्त प्राथमिकता

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को पहली किस्त की राशि जारी हो रही है। बताया जा रहा है कि नगर निगम के माध्यम से जिओ टेक किए गए पहली किस्त को ही जारी करने प्राथमिकता देकर नाम भेजे जा रहे हैं। वहीं दूसरी और तीसरी किस्तों को अभी रोक दिया गया है। जिसकी वजह से आवास का निर्माण कर रहा रहे हितग्राहियों को आर्थिक समस्या हो रही है।



#### 9 सौ आवास को मंजूरी

पीएम आवास योजना 2.0 के तहत शहर में 859 आवास निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है। 519 आवास निर्माण कार्य प्रगति पर है और लगभग 340 लोगों ने निर्माण कार्य शुरू भी नहीं किया है। पहली किस्त जारी होने के बाद हितग्राही आगे के निर्माण के लिए कर्ज लेकर कार्य कर रहे हैं, लेकिन दूसरी किस्त के लिए इंजीनियर द्वारा जिओ टेक करने के बाद भी किस्त की राशि जारी करने सूची में नाम नहीं भेजे जाने से लोगों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

### बोनस राशि का वितरण शुरू, वनवासियों के खिले चेहरे

## साढ़े 34 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा 12 करोड़ का बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कड़कड़ाती धूप और घने जंगलों के बीच पसीना बहाकर हरा सोना तेंदूपत्ता समेटने वाले राजनांदगांव के वनवासियों के चेहरे आज उस समय खिल उठे, जब उनके खातो में बोनस की राशि आनी शुरू हुई। राजनांदगांव जिला यूनियन में साढ़े 34 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को 12 करोड़ रुपए की राशि बोनस के तौर पर मिली है।

मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2023 के लिए प्रोत्साहन पारिश्रमिक बोनस वितरण कार्यक्रम का प्रदेशव्यापी शुभारंभ कर दिया है। इस योजना के तहत जिले के हजारों वनवासी और ग्रामीण परिवारों के बैंक खातों में करोड़ों रुपए की बोनस राशि हस्तांतरित की जा रही है।



#### तोलुम समिति को ज्यादा फायदा

इस वर्ष जिला यूनियन में सबसे शानदार प्रदर्शन प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति तोल्वे का रहा है। तोलुम समिति ने के संग्राहकों को 3,767 प्रति मानक बोरा की दर से बोनस का भुगतान किया जाएगा, जो कि जिले की सभी 50 समितियों में सबसे सर्वोच्च है।

#### 24 करोड़ का हो चुका भुगतान

शासकीय आंकड़ों के अनुसार संग्रहण वर्ष 2023 में जिला यूनियन राजनांदगांव के अंतर्गत 60,586.950 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया था। शासन द्वारा संग्राहकों को 4,000 प्रति मानक बोरा की दर चौबीस करोड़ तेईस लाख सैंतालीस हजार आठ सौ रुपए की संग्रहण राशि का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। अब इस पारिश्रमिक के ऊपर मुनाफे का बोनस दिया जा रहा है।

#### 37 समितियां रही बंपर मुनाफे में

राजनांदगांव जिला यूनियन के अंतर्गत संचालित कुल 50 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों का लेखा-जोखा भी सामने आया है। इनमें से 37 समितियां लाभ में रही। नियम के मुताबिक लाभ अर्जित करने वाली इन 37 समितियों के 34,595 तेंदूपत्ता संग्राहकों को बारह करोड़ छह लाख पैंतालीस हजार चौहत्तर रुपए की बोनस राशि का वितरण शुरू कर दिया गया है।

#### केसीजी में डेढ़ करोड़ का बोनस

जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित खैरागढ़ अंतर्गत 20 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों में से 15 समितियाँ लाभ में थी, जिनकों 1.33 करोड़ रू. प्रोत्साहन पारिश्रमिक बोनस राशि का हस्तांतरण शुरू हो गया है।

#### बोनस की राशि वितरित

शासन की मंशानुसार सभी पात्र संग्राहकों के बैंक खातों में बोनस की राशि सीधे ट्रांसफर की जा रही है। पारदर्शिता के साथ पूरी भुगतान प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए जिला यूनियन की टीमें लगातार काम कर रही है। मुनाफे में रहने वाली 37 समितियों के ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

\- **आयुष जैन**, डीएफओ

## दोषियों पर कार्रवाई की बजाए रेलवे ने दी सफाई कहा: निर्माण में नहीं बारिश से आई समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

करोड़ों रुपए की लागत से बने और हाल ही में लोकार्पित तीन रेलवे ओवरब्रिजों की एप्रोच रोड धंसने से उठे विवाद के बीच दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पहली बार आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया है। रेलवे का कहना है कि यह घटना निर्माण की गुणवत्ता में कमी के कारण नहीं, बल्कि लगातार हुई भारी बारिश के चलते सड़क की आधार परत का अपेक्षित कम्पेक्शन नहीं हो पाने से हुई है।



जिले के बरगा (एलसी-463), अलीवारा (एलसी-468), मुसरा (एलसी-469) और जोरातरई (एलसी-453) रेलवे ओवरब्रिजों की एप्रोच रोड पर लोकार्पण के कुछ ही दिनों बाद धंसान सामने आने से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे थे। मामला राजनीतिक गलियारों तक पहुंचा और करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों की जांच की मांग भी उठी। इन आरोपों के बीच रेलवे ने स्पष्ट किया है कि पुलों की मुख्य संरचना पूरी तरह सुरक्षित है। प्रभावित हिस्से केवल एप्रोच रोड तक सीमित है और उनका सुधार कार्य संबंधित ठेकेदार से दोष दायित्व अवधि के तहत कराया जाएगा। इससे सरकार या रेलवे पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा।

#### पहली बारिश में कैसे बह गई सड़क

इधर ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप हुआ होता तो पहली ही बारिश में एप्रोच रोड नहीं धंसती। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार का कहना है कि रेलवे ने बिना जांच कराए ही अपनी रिपोर्ट पेश कर यह साबित कर दिया है कि दोषी अफसरों और ठेकेदार को बचाने की साजिश रची गई है।

#### विस अध्यक्ष ने मंत्री को लिखा पत्र कहा: दोषियों पर हो कठोर कार्रवई



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव जिले के बरगा, आलीवारा एवं मुसरा के समीप निर्मित रेल ओवरब्रिज में आई दरारों को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। डॉ. रमन सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया है लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से रेल ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया था, जिसका लोकार्पण जून 2026 में हुआ था। उन्होंने बताया कि 4 एवं 5 जुलाई को जिले में हुई भारी वर्षा के बाद ओवरब्रिज में लगभग 60 से 70 फीट लंबी तथा 15 से 20 सेंटीमीटर चौड़ी दरारें दिखाई दी हैं। इससे पुल की सुरक्षा एवं निर्माण गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए हैं। लोकार्पण के कुछ ही दिनों बाद इस प्रकार की क्षति अत्यंत चिंताजनक है और नाराजगी है। डॉ. रमन सिंह ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए तथा निर्माण एजेंसी, ठेकेदार, परामर्शदाता और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।






#### अशांति फैलाने पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** वाद-विवाद कर शांति भंग करने की आशंका पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चिखली पुलिस ने कर्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं नशामुक्त बनाने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 8 जुलाई को बजरंगपुर नवागांव में जोहन साहू 32 साल निवासी बजरंगपुर नवागांव द्वारा अपने जीजा के साथ वाद-विवाद कर शांति भंग करने तथा अप्रिय घटना घटित होने की संभावना पर बदमाश के विरुद्ध पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

## एलम संकट: रिसाली और डोंगरगढ़ पालिका से मांगकर शहर में जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में स्वच्छ पेयजल को लेकर लगातार लापरवाही सामने आ रही है। बीते कुछ माह पूर्व ही शहर में बिना फिटकरी के पानी सप्लाई होने का मामला सामने आया था। वहीं अब एक बार फिर से मोहारा फिल्टर प्लांट में फिटकरी का संकट दिखाई दे रहा है।



मोहरा फिल्टर प्लांट में आज शाम पानी सप्लाई के लिए सुबह फिटकरी नहीं होने के चलते रिसाली भिलाई और डोंगरगढ़ से फिटकरी लाकर काम चलाना पड़ा। लगभग तीन सौ करोड़ की अमृत मिशन योजना


⏩ शेष पेज 14 पर


#### शहरवासी गंदा पानी पीने मजबूर

इस मामले में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि फिटकरी की कमी के कारण शहरवासियों को गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ा और बारिश के मौसम में भी निगम की तैयारियां नाकाफी है। आज सुबह से शहर के कई इलाकों में लोगों को गंदा और मटमैला पानी सप्लाई किया गया, क्योंकि जलशोधन के लिए उपयोग होने वाली फिटकरी का स्टॉक लगभग समाप्त हो चुका था। स्थिति ऐसी बन गई थी कि नगर निगम को डोंगरगढ़ से करीब दो टन फिटकरी मांगकर काम चलाना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन बिना पर्याप्त तैयारी के जलापूर्ति व्यवस्था संचालित कर रहा है।

#### कमी पर मांगना पड़ता है

फिल्टर प्लांट में फिटकरी का संकट नहीं है। सुबह फिटकरी कम होने पर रिसाली और डोंगरगढ़ से मंगाया गया था।

\- **यूके रामटेक**, अभियंता, नगर निगम






### केंद्र से आवंटन नहीं, हितग्राही हो रहे परेशान

## राशन दुकानों में नमक-शक्कर का टोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अंत्योदय राशन कार्डधारियों को बीते लगभग चार महीनों से नमक और शक्कर का वितरण नहीं किया जा रहा है। हितग्राही दुकान के चक्कर काट रहे हैं।

अंत्योदय योजना के तहत अति गरीब की श्रेणी में आने वाले परिवारों को नमक और शक्कर नहीं मिलने से उन्हें महंगे दर पर बाजार से शक्कर, नमक खरीदना पड़ रहा है। फ्री में मिलने वाले नमक के लिए अब उन्हें बाजार में 15-20 रुपए किलो में नमक खरीदने की मजबूरी हो गई है। वहीं शक्कर नहीं मिलने से घर में चाय भी नहीं बन पा रही है। हितग्राही राशन दुकानों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के पास जाकर नमक और शक्कर नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं। वहीं उनके राशन कार्ड पर नमक और शक्कर कब जारी होगा, इसका भी जवाब किसी के पास नहीं मिल रहा है।



#### केंद्रीय योजना के हितग्राही प्रभावित

जिले में लगभग 37000 से अधिक अंत्योदय राशन कार्डधारी है। इनमें से केंद्र शासन की खाद्यान्न सुरक्षा योजना के लगभग 8 से 10 हजार हितग्राहियों को ही नमक और शक्कर जारी नहीं हो रहा है। हितग्राहियों ने कहा कि नमक और शक्कर काफी आवश्यक वस्तु है, ऐसे में चार महीनों से इसका आवंटन नहीं किए जाने से परेशानी हो रही है।

#### नए वित्तीय वर्ष से आवंटन नहीं

बताया जा रहा है कि नए वित्तीय वर्ष लागू होने के बाद से ही अंत्योदय राशन कार्डधारियों को नमक और शक्कर आवंटित नहीं हो रहा है। लगभग 4 महीने से नमक व शक्कर नहीं मिलने को लेकर हितग्राही परेशान हैं। खाद्य निरीक्षक श्री कामड़े ने बताया कि केंद्र शासन से ही आवंटन नहीं है। आवंटन कब तक जारी होगा, इसको लेकर कोई विस्तृत जानकारी नहीं है।

## खबर संक्षेप

### गुंडा बदमाश को किया जिलाबदर

**गंडई।** पुलिस ने गुंडा बदमाश शिखा शर्मा के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की है।जिला दंडाधिकारी खैरागढ़ ने छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 (क) (ख) अंतर्गत इस आशय का आदेश पारित किया। जानकारी के अनुसार गंडई थाना क्षेत्र की गुंडा बदमाश शिखा शर्मा पति दिवाकर शर्मा निवासी वार्ड 11 विरूद्ध थाना में कुल 12 अपराधिक प्रकरण एवं 7 प्रतिबंधात्मक प्रकरण दर्ज है। गुण्डा बदमाश शिखा शर्मा को कानन्, जेल का भय नहीं होने और अपराधिक प्रवृत्ति में बदलाव नहीं आने के बाद जिला दण्डाधिकारी खैरागढ ने राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.5 अंतर्गत आगामी एक वर्ष के लिए जिले की चारो दिशाओं की सीमाओं से हट जाने का आदेश पारित किया है।

### कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के निर्देशन एवं प्रवेश प्रभारी संजय देवांगन ने गत दिनों बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए प्रथम प्रवेश सूची जारी किया। सूची अनुसार बीए प्रथम सेमेस्टर का कट ऑफ सामान्य वर्ग में 56.2, अन्य पिछड़ा वर्ग में 51.6, बीएससी बायो प्रथम सेमेस्टर का कट ऑफ सामान्य वर्ग में 67 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग में 65.4, बीकाम व बीएससी (गणित) के प्रथम सेमेस्टर में सभी विद्यार्थियों का नाम सूची में शामिल किया गया है। प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी 15 जुलाई तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं। विश्वविद्यालय के नियमानुसार द्वितीय चरण हेतु प्रवेश फॉर्म भरने की तिथि 16 से 26 जुलाई तक निर्धारित है।

### स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**डोंगरगांव।** मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने शुक्रवार को नगर पालिका के सीएमओ विनम्र जेमा के मार्गदर्शन में स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों की सलाह पर 8 महिलाओं का ब्लड टेस्ट किया गया। रिपोर्ट में जो कमियां सामने आई उसके आधार पर दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। उन्हे संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और आवश्यक सावधानियां अपनाने की सलाह दी गई।

### शाला विकास समिति का गठन 10 को

**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसरा में शाला विकास समिति के गठन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राचार्य के रघुनाथ ने पालकों को समिति गठन के उद्देश्य, संरचना, चयन प्रक्रिया की जानकारी दी। बैठक में बजरंग साहू, कंवल निर्मलकर, विनोद वैष्णव, मोतीलाल वर्मा, देवकी साहू, फागेश्वरी साहू, पार्वती साहू, दामिनी साहू, गंगोत्री साहू, नरोत्तम वर्मा, लिलम्बर वर्मा, भोलाराम वर्मा, मनोज कोचे, चंद्रशेखर वर्मा आदि शामिल हुए। बैठक में पालकों ने विद्यालय के विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अपने सुझाव रखे। चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से शाला विकास समिति के पदाधिकारियों का चयन 10 जुलाई को करने का निर्णय लिया गया।

### तीन पंचायत सचिव मिले अनुपस्थित

**छुईखदान।** जनपद पंचायत की सीईओ केशवरी देवांगन ने गत दिनों विभिन्न ग्राम पंचायतों के औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई सचिव अनुपस्थित पाए गए। संबंधित सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार सीईओ ने ग्राम पंचायत लझियाटोला का निरीक्षण किया जहां सचिव अनुपस्थित मिला। उन्हांने शासकीय विद्यालय का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत घिरघोली एवं अतरिया में भी निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव अनुपस्थित मिले। सीईओ श्रीमती देवांगन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी अनुपस्थित सचिवों के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

### महाविद्यालय में किया गया पौधरोपण




**डोंगरगढ़।** कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ. आरके ठाकुर के निर्देशन में वन महोत्सव के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.ठाकुर ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। वृक्षों से पर्यावरण संतुलित रहता है, शुद्ध वायु प्राप्त होती है तथा मानव स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक प्रो. मनोहर बोकड़े, बीआर चन्द्रवंशी, डॉ. टीआर खान, डॉ. हेमलता गायकवाड़, रीना सलामे, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार साहू, दलनायक रितेश पटेल, डेकेश्वर, प्रभात कुमार, हिरेंद्र, योगेश, त्रिवेणी सहित अन्य ने शामिल होकर पौधरोपण किया।

## खेतों में बढ़ी हलचल, लोगों को गर्मी से राहत

# बारिश के बाद सक्रिय हुए किसान, बोनी में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



ब्लॉक के ग्रामीण अंचल में मानसून की सक्रियता के बाद खेती-किसानी के कार्यों में तेजी आ गई है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार ब्लॉक में अब तक कुल 156.1 मिमी संचयी वर्षा दर्ज हो चुकी है। वहीं इस सप्ताह 52.5 मिमी बारिश होने ने खेत बोनी करने लायक हो गए हैं।

जून के सूखे और भीषण उमस के बाद वर्तमान में हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। कृषि विभाग के अनुसार जून में नमी की कमी के कारण जो बुवाई ठप थी, वह अब युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है। ब्लॉक में मुख्य रूप से धान और सोयाबीन की खेती की जाती है। खेतों में पर्याप्त पानी भरने के बाद किसान अब बिना देर किए बोनी करने और धान का थरहा डालने जुट गए हैं।

#### कृषि विभाग की सलाह

ब्लॉक की मटासी और कन्हार मिट्टी को को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए कुछ दिशा निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने जिन खेतों में पानी भरा है, उसकी निकासी के बाद सोयाबीन की बोनी करने कहा है। इसी प्रकार धान की कतार बोनी करने पर खेतों में मेढ़बंदी मजबूत रखने कहा गया है ताकि वर्षा जल को सहेजा जा सके और आने वाले दिनों में बियासी आसानी से की जा सके।

#### कृषक सूचना एवं सलाह केंद्र का शुभारंभ आज

**छुईखदान।** कृषकों तक कृषि संबंधी वैज्ञानिक सलाह के प्रचार तथा आवश्यकता के अनुसार तकनीकी परामर्श देने के लिए रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान में कृषक सूचना एवं सलाह केंद्र की स्थापना की जा रही है। इस केंद्र का शुभारंभ कल 10 जुलाई को होगा। इस केंद्र के माध्यम से कृषकों को सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 2 से 3 बजे तक कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान वैज्ञानिकों द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसान खेती की जटिल समस्याओं के समाधान हेतु वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एके गुप्ता ने कृषकों से कृषक सूचना एवं सलाह केंद्र की सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन

## विधायक ने उठाया जनसमस्याओं को



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न मुद्दों को लेकर बुधवार को धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

विधायक ने ज्ञापन में बताया कि किसानों को डीएपी एवं यूरिया खाद नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो रही है। साथ ही पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। ज्ञापन में लगातार बिजली कटौती, बढ़े बिजली बिल, जर्जर विद्युत तारों तथा अधूरे विद्युतीकरण कार्यों का उल्लेख करते हुए व्यवस्था सुधारने की मांग की गई।

#### अवैध खनन की हो जांच

विधायक ने ग्राम मुडिया में शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण एवं अवैध खनन, ग्राम धुसेरा में किसान की भूमि पर कब्जा तथा मुआवजा नहीं मिलने के मामलों की जांच कराने की मांग की गई। इसके अलावा मेढ़ा डोंगर में भूमि संबंधी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया है। धरना प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद सहित अन्य शामिल हुए।

# सड़क किनारे खुदाई के बाद काम बंद, बढ़ी ग्रामीणों की दिक्कत



**तुमडीबोड।** कोहका से दिवानझिटिया मार्ग चौड़ीकरण में जमकर लापरवाही बरतने की शिकायत मिली है। बारिश के पहले ठेकेदार ने सड़क के एक तरफ खोद कर छोड़ दिया गया है जिससे इन दिनों ग्रामीणों को आवाजाही करने में परेशान हो रही है। ग्रामवासियों ने बताया कि पेंड्रवानी के विद्यार्थी मिडिल, हाईस्कूल एवं कालेज पढ़ने जाते हैं। भारी वाहनों के साइड लेने के दौरान दुर्घटना होने की आशंका रहती है।

#### नेताओं को दिखाने काम

ग्रामीणों ने बताया कि पेंडरवानी में गत छह जून को आयोजित कबीर प्रकटोत्सव में सांसद संतोष पांडेय एवं विधायक दलेश्वर साहू को आमंत्रित किया गया था। नेताओं के ग्राम आने की जानकारी मिलने के बाद ठेकेदार ने आनन फानन में कार्य चालू करवा दिया था किन्तु खुदाई के बाद मुरूम एवं गिट्टी नहीं डलवाया गया है। ग्रामवासियों ने कार्य को पूर्ण कराने की मांग की है।

# रोजगार मेला में युवाओं को मिला रोजगार

- रोजगार मेले में शामिल हुई सात कंपनियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र राजनांदगांव ने मंगलवार को नेहरू महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में क्षेत्र के शिक्षित युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न निजी संस्थाओं ने योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया। रोजगार मेले में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड, एलआईसी छत्तीसगढ़, शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्री लिमिटेड, ह्यूमिलिटी फाइनेंशियल सॉल्यूशन, श्रामीन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड तथा प्रगति फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड ने भाग लिया। इन संस्थाओं ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने किया। विशेष अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, कृष्णा गुप्ता, अमन नामदेव एवं हरीश भंडारी थे। प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने कहा कि वर्तमान में रोजगार मेले जैसे आयोजन शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान है। उन्होंने युवाओं से ऐसे अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने का आव्हान किया। संचालन डॉ. मुन्ना लाल नंदेश्वर एवं नितेश तिरपुडे ने किया। अंत में गुलशन सिन्हा ने आभार व्यक्त किया।

# आंगनबाड़ी व सामुदायिक भवन का लोकार्पण

## सीमेंटीकरण और नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासन द्वारा स्वीकृत राशि से वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विकास कार्य की कड़ी में वार्ड नं. 15 बल्देवबाग में महिला बाल विकास परियोजना अंतर्गत 12 लाख रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं. 01 का निर्माण किया गया है।

इसी प्रकार वार्ड नं. 19 के 18 एकड़ में शिव मंदिर के पास अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक का निर्माण किया गया है। उक्त दोनों कार्य का महापौर मधुसूदन यादव ने अलग-अलग कार्यक्रम में फीता काटकर पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने वार्ड नं. 19 के इंडस्ट्रीयल एरिया में अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख रुपए की लागत से सीमेंटीकरण तथा पूनम कालोनी में 10 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। महापौर ने आंगनबाड़ी लोकापर्ण पश्चात नवजात शिशुओं का मुंह मीठा कराकर अन्नप्रासन्न कराया। कार्यक्रम में टोपेन्द्र सिंह, देवशरण सेन, सावन वर्मा, डीलेश्वर साहू, किशुन यदु, प्रमोद झंझाडे, रेखा पारख, सुमित भाटिया, सूर्यकांत श्रीवास, शरद सिन्हा, अभय पारख, नादान सेन उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में वार्डवासियों ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

#### सुविधा का होगा विस्तार

लोकार्पण अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि बल्देवबाग में किराये के भवन में आंबनबाड़ी संचालित था, नए भवन बन जाने से स्वयं का आंगनबाड़ी हो गया। आंगनबाड़ी में छोटे-छोटे बच्चों को खेलने के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा मिलती है। इसके माध्यम से गर्भवती महिलाओं तथा नवजात बच्चों को शासन की योजना का लाभ भी मिलता है। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं सांसद सतोष पाण्डे की अनुशंसा पर वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी के परिणाम स्वरूप वार्ड नं. 19 में निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया और रोड एवं नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के विकास कार्य वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं।

# जगतगुरु शंकराचार्य का प्रकटोत्सव 12 को



**गंडई पंडरिया।** आदित्य वाहिनी द्वारा ग्राम पत्थर्रा में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का 84 वा प्रकटोत्सव को सेवा पर्व के रूप में मनाने की तैयारी की जा रही है। यह आयोजन आगामी 12 जुलाई को होगा।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि पूर्व में 7 जुलाई को हनुमान चालीसा और सीताराम कीर्तन का आयोजन किया गया था। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए 12 जुलाई को गुरुदेव के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए हनुमान चालीसा पाठ और सीताराम कीर्तन का आयोजन किया गया है।

#### पर्यावरण व जीव दया पर जोर

इस अवसर पर संगठन ने गुरुदेव के नाम से नीम का रोपण करने का निर्णय लिया है। वहीं पशु-पक्षियों, मछलियों और चींटियों आदि के लिए भी व्यवस्था की गई है। आदित्य वाहिनी ने प्रत्येक घर से भोजन सामग्री एकत्रित करने का आह्वान किया है, ताकि जरूरतमंदों को यथाशक्ति भोजन प्रदान किया जा सके।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर लगाए 500 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान





एक पेड़ मां के नाम अभियान को जनआंदोलन का रूप देते हुए जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम झिरिया में वृहद पौधरोपण किया गया।

अभियान के तहत तालाब, नालों एवं अन्य जल संरचनाओं के आसपास लगभग 500 पौधों का रोपण किया गया। ग्रामवासियों ने स्वयं श्रमदान करते हुए पौधारोपण किया तथा प्रत्येक पौधे की सुरक्षा, सिंचाई और नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधे लगाकर हरित और स्वच्छ ग्राम निर्माण का संदेश दिया।इस मौके पर सीईओ ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है।

पौधरोपण तभी सार्थक होंगा जब पौधों संरक्षण भी किया जाए। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी, एडीईओ, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## बचपन से सभी दस्तावेजों में पिता के रूप में उन्हीं का नाम

# पिता बताकर पार्षद ने बनवाया जाति प्रमाण पत्र, थाने में शिकायत

## चुनाव हारने वाला रच रहा साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

नगर पंचायत घुमका के वार्ड 14 से चुनाव जीतने वाले संतोष गंधर्व की पारिवारिक पहचान और जाति प्रमाण पत्र को लेकर गंभीर विवाद खड़ा हो गया है। ब्लाक के सिरसाही निवासी जगन्नाथ गंधर्व ने ठेलकाडीह थाने से शिकायत आवेदन देकर आरोप लगाया है कि संतोष गंधर्व उनका पुत्र नहीं है, इसके बावजूद कथित रूप से उनका नाम पिता के रूप में इस्तेमाल कर स्कूल से दाखिला संबंधी रिकॉर्ड निकलवाया गया और उनकी जाति के आधार पर अनुसूचित जाति वर्ग का लाभ लेकर चुनाव लड़ा गया।

शिकायतकर्ता का दावा है कि वह संतोष को जानते तक नहीं और उन्होंने उसे कभी अपना पुत्र नहीं माना। वहीं घुमका नपं के नवनिर्वाचित पार्षद संतोष गंधर्व ने आरोपों को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा है कि बचपन से लेकर आज तक उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षणिक रिकॉर्ड सहित सभी दस्तावेजों में जगन्नाथ गंधर्व का ही नाम पिता के रूप में दर्ज है।

### शुरू से पांचों भाई बहनों में पिता के रूप में नाम दर्ज

पार्षद संतोष गंधर्व ने शिकायतकर्ता के आरोपों को खारिज करते हुए अलग ही पारिवारिक कहानी सामने रखी है। संतोष का कहना है कि जगन्नाथ गंधर्व ने उनकी मां से प्रेम विवाह किया था और बाद में पारिवारिक विवाद के कारण दोनों अलग हो गए। संतोष के अनुसार वे तीन भाई और दो बहन हैं तथा परिवार के दस्तावेजों में शुरू से जगन्नाथ गंधर्व का नाम पिता के रूप में दर्ज है। संतोष ने कहा मैंने किसी का नाम फर्जी तरीके से दर्ज नहीं कराया। आधार कार्ड, राशन कार्ड और शैक्षणिक रिकॉर्ड सहित सभी दस्तावेजों में बचपन से उनका ही नाम पिता के रूप में है। इतने सालों में कभी कोई आपत्ति नहीं की गई, चुनाव जीतने के बाद अचानक विवाद खड़ा किया जा रहा है। स्कूल से दस्तावेज कथित रूप से गलत जानकारी देकर हासिल करने के आरोप का लेकर संतोष ने कहा कि उन्होंने स्कूल प्रबंधन को स्पष्ट रूप से बताया था कि वे चुनाव लड़ रहे हैं और अपने पिता का दाखिला संबंधी रिकॉर्ड लेने आए हैं। पहचान के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड की प्रति भी स्कूल में दी थी और लिखित रूप से दस्तावेज लेने का कारण बताया था। उन्होंने यह भी कहा कि ठेलकाडीह पुलिस उन्हें बुलाकर बयान दर्ज कर चुकी है और उन्होंने अपना पक्ष पुलिस के सामने रख दिया है।

### एक वोट से चुनाव जीतने के बाद उठा विवाद

संतोष गंधर्व ने बताया कि वे नगर पंचायत घुमका के वार्ड 14 से निर्दलीय चुनाव लड़े और महज एक वोट से जीत हासिल की। उनका आरोप है कि चुनाव में पराजित पक्ष के लोग इस मामले को हवा दे रहे हैं और पारिवारिक विवाद का राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास किया जा रहा है। संतोष ने कहा कि चुनाव से पहले उनके पिता के नाम या दस्तावेजों को लेकर कभी आपत्ति नहीं उठाई गई, लेकिन जीत के बाद अचानक शिकायत सामने आई है। मामले में दोनों पक्षों के दावे पूरी तरह एक-दूसरे के विपरीत हैं। जगन्नाथ गंधर्व का कहना है कि संतोष उनका पुत्र नहीं है और उनके नाम तथा जाति का कथित दुरुपयोग हुआ है, वहीं दूसरी ओर संतोष का दावा है कि वे बचपन से ही जगन्नाथ गंधर्व का नाम पिता के रूप में सभी सरकारी और शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज कराते आए हैं। ऐसे में अब मूल शैक्षणिक रिकॉर्ड, जन्म संबंधी दस्तावेज, परिवार रजिस्टर, राशन कार्ड, पुराने अभिलेख, जाति प्रमाण पत्र की जांच प्रक्रिया और चुनाव में प्रस्तुत दस्तावेज ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट कर सकेंगे। शिकायत पर पुलिस जांच के बाद ही यह साफ होगा कि मामला फर्जी दस्तावेज और पहचान के दुरुपयोग का है या फिर सालो पुराने पारिवारिक विवाद ने चुनावी जीत के बाद नया राजनीतिक रूप ले लिया है।

### लोग पूछने आए तब पता चला कि कोई मुझे अपना पिता बता रहा

जगन्नाथ गंधर्व ने बताया कि उन्हें पूरे मामले की जानकारी तब हुई, जब घुमका से कुछ लोग उनके गांव सिरसाही पहुंचे और उनसे पूछा कि क्या संतोष गंधर्व उनका पुत्र है। इसके बाद उन्हें कथित रूप से पता चला कि सिरसाही के स्कूल से उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड से संबंधित दस्तावेज निकाले गए हैं। जगन्नाथ का आरोप है कि उन्हीं दस्तावेजों का उपयोग कर जाति प्रमाण पत्र बनवाया गया और एससी आरक्षित सीट से चुनाव लड़ा गया। उन्होंने कहा, उन्होने संतोष को कभी देखा तक नहीं, वह मेरा पुत्र नहीं है। बिना मेरी जानकारी और सहमति के मेरा नाम और जाति इस्तेमाल किए जाने की जानकारी मिली है। उन्होने पुलिस से जन्म संबंधी रिकॉर्ड, परिवार रजिस्टर, शैक्षणिक दस्तावेज, जाति प्रमाण पत्र और अन्य अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# स्वास्तिक समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



स्वास्तिक जनसमर्पण सेवा समिति द्वारा कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज में सेवा कार्यों को बढ़ाने, वर्षा ऋतु के समय गौवंश के बढ़ने वाले एक्सीडेंट्स, पर्यावरण क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों में वृद्धि संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

समिति के प्रदेश संयोजक अंशुल कसार ने बताया कि समिति सदस्य वर्षभर सेवा कार्यों में संलग्न रहते हैं। सभी सेवा कार्यों को ऋतुओं के अनुसार 4-4 माह में विभाजित कर सेवा कैलेंडर बनाया गया है। जिसके अनुसार शहर सहित जिलेभर की शाखाओं में गौसेवा एवं समाज कल्याणक कार्य किए जाएंगे। वर्षा ऋतु में गौवंश संबंधी हादसे बढ़ जाते हैं। जिनके उपचार एवं प्रबंधन के लिए प्रशासन के साथ मिलकर आवश्यक कार्य किए जाएंगे। नेशनल हाईवे क्षेत्र की टीमें हाई अलर्ट मोड पर रहेगी।

समिति के प्रदेश कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि समिति गौसेवा, पर्यावरण एवं रक्तदान के क्षेत्र में सक्रियता से कार्य कर रही है। वहीं समय-समय पर समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवकों का सम्मान भी करती है।

### पांच गांव में कार्यकारिणी स्थापित

समिति के प्रदेश संरक्षक सुनील सेन ने बताया कि अपने निःस्वार्थ सेवा कार्यों के बल पर युवा समिति से जुड़ रहे हैं एवं वर्तमान में समिति का विस्तार प्रादेशिक रूप से दुर्ग एवं कोरबा में हो चुका है। जिले में करीब 5 ग्रामों में समिति की पूर्ण कार्यकारिणी स्थापित है। आगामी वर्ष हेतु जिले, नगर सहित नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। जिसमें जिले शहर के सक्रिय समाजसेवियों एवं नेतृत्वकर्ताओं को जोड़ा जाएगा। एक विजन के साथ युवाओं को अच्छे उद्देश्यों से जोड़ा जाएगा।

अब तक समिति के सदस्यों एवं जनसहयोग से अर्थ की व्यवस्था कर सेवा कार्य संपन्न होते आए हैं। जिनमें वृद्धि के लिए आवश्यक अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, गौरक्षा संयोजक दिव्यांश साहू, सह-संयोजक रितेश साहू, वाशु शर्मा, उत्कर्ष मिश्रा, गौरव गुप्ता, प्रदीप दास, अभिवत्त सिंह, अंकुश गुप्ता, सत्यम साव, यमन साहू, गोपेन्द्र साहू, चंद्रशेखर साहू, सोहन साहू, कोमल साहू, हर्ष ठाकुर, विनय सिंह राजपूत, पीयूष साहू सहित बड़ी संख्या में गौसेवक उपस्थित रहे।

## अतुल की पुस्तक का विमोचन 12 को

**राजनांदगांव।** 12 जुलाई 2026 को पुलिस लाइन राजनांदगांव में 12 जुलाई 2009 के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव के वरिष्ठ पत्रकार अतुल श्रीवास्तव की किताब कोरकोट्टी का शहीद जवानों के परिजनों द्वारा विमोचन किया जाएगा। किताब कोरकोट्टी में कोरकोट्टी सहित राजनांदगांव और बस्तर में शहीद हुए कुछ जवानों के बारे में लिखा गया है।

# पूर्व महिला सरपंच से 2.74 लाख की निकली वसूली

■ राशि जमा नहीं करने पर जेल की कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से स्वीकृत 4 लाख रुपयों के उपयोग में अनियमितता के मामले में प्रशासन ने पांडादाह के तत्कालीन सरपंच मनोरमा पति संजय यदु के खिलाफ वसूली की कार्रवाई तेज कर दी है।

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 92 के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें 2 लाख 74 हजार 70 रुपये जमा करने का अंतिम नोटिस जारी किया गया है। जानकारी अनुसार, ग्रापं पांडादाह की तत्कालीन सरपंच मनोरमा यदु को सामुदायिक भवन निर्माण के लिए जनपद पंचायत ने 4 लाख रुपया उपलब्ध कराया था, लेकिन पूरा कार्यकाल बीत गया और भवन आधा अधूरा ही रहा।

पूरी राशि मिलने के बाद भी आधे अधूरे काम को लेकर जनपद से मिले पत्र के आधार पर एसडीएम ने प्रकरण दर्ज कर वसूली संबंधी नोटिस जारी किया।

जवाब में मनोरमा यदु ने निर्माण कार्य का मूल्यांकन कराने की मांग की। जनपद सीईओ द्वारा काम के मूल्यांकन में 4 लाख रुपये के विरुद्ध केवल 1 लाख 25 हजार 930 रुपये का निर्माण कार्य पाया गया। इसके आधार पर शेष 2 लाख 74 हजार 70 रुपये की वसूली प्रस्तावित कर मनोरमा यदु को 15 जुलाई 26 तक बकाया राशि जमा करने का अंतिम अवसर दिया है।

निर्धारित तिथि तक राशि जमा नहीं होने पर छग पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 92-2 के तहत 30 दिन तक सिविल जेल में परिरुद्ध करने की कार्रवाई की जाएगी।

### होगी कार्रवाई

अनुभाग अंतर्गत अन्य पंचायत पदाधिकारियों के विरुद्ध भी यदि जनपद पंचायत से बकाया राशि संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त होता हैं, तो उनके खिलाफ भी छग पंचायत राज अधिनियम तहत वसूली और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**- टकेंश्वर प्रसाद साहू,** एसडीएम

# निःशुल्क टीकाकरण शिविर आमंत्रण पोस्टर का विमोचन

**राजनांदगांव।** अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल राजनांदगांव द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किए जा रहे निःशुल्क एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण शिविर के आमंत्रण पोस्टर का विमोचन किया गया। यह शिविर 12 जुलाई को सुबह 10 बजे से अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड के पीछे राजनांदगांव में आयोजित होगा। कार्यक्रम प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि यह शिविर 14 से 15 वर्ष आयु की सर्व समाज की बालिकाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम है तथा बालिकाओं के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल एवं विधि डायग्नोस्टिक के डॉ. अमित मोदी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। श्री लोहिया ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाली बालिकाओं के लिए आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा।

# सुविधा : मिली कॉल सेंटर की स्वीकृति

■ जिले के विद्युत उपभोक्ताओं को सुशासन तिहार अंतर्गत मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विद्युत उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण सौगात मिली है। उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित व प्रभावी निराकरण की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर में विद्युत कॉल सेंटर का शुभारंभ कार्यादेश जारी उपरांत किया जाएगा।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर के अनुमोदन, कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलेट, एचके मेश्राम व अधीक्षण अभियंता संकेश्वर कंवर के मार्गदर्शन व निर्देशन में संभव हो पाया है। कार्यपालन अभियंता आलोक कुमार दुबे ने कॉल सेंटर स्थापना को लेकर लगातार समन्वय व सतत प्रयासों के चलते स्वीकृति मिली है।

उपभोक्ता सेवाओं को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी व जनहितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि कॉल सेंटर प्रारंभ होने के उपरांत विद्युत संबंधी शिकायतों एवं आवश्यक जानकारी के लिए इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

### शिकायत मिलते ही शुरू हो जाएगी कार्रवाई

कॉल सेंटर शुरू होने से संभाग के समस्त विद्युत उपभोक्ता आपूर्ति बाधित होने, फॉल्ट, ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याओं, विद्युत शिकायतों सहित अन्य आवश्यक सेवाओं के संबंध में सीधे कॉल सेंटर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायतों का तत्काल पंजीयन कर संबंधित अधिकारियों व मैदानी अमले तक शीघ्र प्रेषित किया जाएगा, जिससे समस्याओं का समयबद्ध व प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। गौरतलब है कि अब तक अनेक अवसरों पर अधिकारियों कर्मचारियों के मोबाइल फोन व्यस्त रहने अथवा अन्य कारणों से उपभोक्ताओं की शिकायतें समय पर दर्ज नहीं हो पाती थीं, जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता था। कॉल सेंटर प्रारंभ होने के बाद शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया सरल, व्यवस्थित व पारदर्शी होगी और प्रत्येक शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# राजेंद्र व्यास की काया पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



नगर के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास की काया को आज स्थानीय लखोली मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन कर दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में नगर सहित राजधानी एवं अन्य स्थानों से आए उनके अनन्य चाहने वालों ने हिस्सा लिया। मुक्तिधाम में उनकी आत्मा की शांति के लिए आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भावुक क्षणों ने व्यास की सहजता को प्रकट किया।

आज दोपहर 3 बजे लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास की अंतिम यात्रा निकाली गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में पत्रकार बिरादरी सहित समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। लखोली मुक्तिधाम में उनके सुपुत्र अंकित व्यास ने अपने पिता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। आत्मा की शांति के लिए आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते पारिवारिक सदस्य एवं अमृत संदेश के संपादक सानू वोरा ने राजेंद्र व्यास के निधन को पत्रकार जगत की अपूरणीय क्षति बताया। श्रद्धांजलि सभा को कांग्रेस शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, सबेरा संकेत के संपादक सुशील कोठारी ने पत्रकार जगत की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की। अपने शोक संदेश में महापौर मधुसूदन यादव ने श्री व्यास की स्मृति को अक्षुण्ण रखने यादगार कार्य की घोषणा की। श्री व्यास के ममेरे भाई एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरूण वोरा, राजनांदगांव के पूर्व कलेक्टर गणेश शंकर मिश्रा, दल्लीराजहरा से आए अमृत संदेश से जुड़े बाबूलाल शर्मा, गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन एवं श्री व्यास के मामा ससुर मधुसूदन पुरोहित ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा का संचालन डॉ.सूर्यकांत मिश्रा ने किया।

# दिसंबर में होगा प्रदेश स्तरीय अधिवेशन

**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को उत्साहपूर्ण एवं संगठनात्मक वातावरण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक नागेश यदु ने की। बैठक में संगठन के विस्तार, युवाओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी सामाजिक एवं जनहित कार्यक्रमों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिसंबर 2026 में छात्र युवा मंच का प्रदेश स्तरीय भव्य अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रदेशभर से लगभग 100 सक्रिय प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिवेशन में संगठन की आगामी कार्ययोजना, सामाजिक सरोकारों तथा युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

संगठन को गांव-गांव और शहर-शहर तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से 5000 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके लिए शीघ्र ही प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जाएगा। जिसके माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को शिक्षा, सेवा, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ा जाएगा।

बैठक में प्रदेश संयोजक नागेश यदु, प्रदेश अध्यक्ष अगेश्वर वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष उकेश साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भागवत वर्मा, प्रदेश महामंत्री प्रवीण मारकंडे, शहर अध्यक्ष भव्य देवांगन, जिला अध्यक्ष शाहिल जंघेल शामिल थे।

### आयोजित होगी रक्तदान जागरुकता परीक्षा

बैठक में युवाओं के बीच स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु रक्तदान जागरूकता परीक्षा आयोजित करने की रूपरेखा



पर भी सहमति बनी। इस पहल का उद्देश्य रक्तदान से जुड़े भ्रमों को दूर कर समाज में नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 जुलाई को छात्र युवा मंच के स्थापना दिवस पर परमालकसा में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर राजनांदगांव के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक स्वर्गीय वीके चौबे सहित 29 अमर शहीद जवानों की पावन स्मृति को समर्पित रहेगा। संगठन ने युवाओं एवं नागरिकों से इस पुनीत अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की। बैठक में पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि छात्र युवा मंच, समाजसेवा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान एवं राष्ट्रहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने निरंतर कार्य करता रहेगा।

# आरके नगर पानी टंकी से आज शाम नहीं होगी पेयजल सप्लाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा अनुपम नगर कमला कॉलेज के पास इंटर कनेक्शन कार्य कराए जाने के कारण आरके नगर पानी टंकी (क्षमता 16.00 लाख लीटर) नहीं भर पाएगा। इस वजह से उक्त टंकी से कल 10 जुलाई को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 जुलाई सुबह से पानी सप्लाई यथावत रहेगी।

पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने बताया कि सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए अनुपम नगर कमला कॉलेज रोड के पास इंटर कनेक्शन कार्य कराया जाना है, जिस वजह से कल 10 जुलाई को आरके नगर पानी टंकी (क्षमता 16.00 लाख लीटर) नहीं भर पाएगी। अतः आरके नगर टंकी सप्लाई क्षेत्र आरके नगर, अनुपम नगर, सहदेव नगर, कौरिनभाठा, सर्किट हाउस, सृष्टि कालोनी, कुंज विहार कालोनी, गायत्री कालोनी, जलतरंग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बर्फानी आश्रम, महेश नगर, आर्शीवाद कालोनी, हरिओम नगर, रिद्धी-सिद्धी कालोनी, गोकुल नगर, लक्ष्मीनगर, जीवन ए-कालोनी, गांधी नगर, चंद्रा कालोनी एवं आशा नगर क्षेत्र में कल 10 जुलाई की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। 11 जुलाई को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते सहयोग करने की अपील की है।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित

# मासिक रेडियो कार्यक्रम का वार्षिकोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान (एनआरएलएम) के तहत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर साझा करने मासिक रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का प्रतिमाह के द्वितीय गुरूवार को दोपहर 2 बजे से राज्य के समस्त आकाशवाणी केन्द्रों से प्रसारित किया जाता है।

इस रेडियो कार्यक्रम का सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर 9 जुलाई 2026 को राज्य, संभाग, जिला स्तर पर दीदी के गोठ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीदी के गोठ के 12वें एपिसोड का प्रसारण दोपहर 2 बजे से किया गया। जिला स्तरीय दीदी के गोठ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, अन्य जिला पंचायत सदस्य, सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह सहित जनप्रतिनिधि, बिहान की लखपति दीदीयां, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

दीदी के गोठ मासिक रेडियो कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के ग्राम खैरा से चयनित लखपति दीदी ज्ञानेश्वरी निषाद एवं ग्राम सुकुलदैहान से चयनित लखपति दीदी रूखमणी साहू ने अपनी सफलता की कहानी साझा किया। ज्ञानेश्वरी निषाद ने अपने मध्यमवर्गीय परिवार में कृषि एवं मजदूरी से लेकर बिहान योजना के माध्यम से समूह में पुस्तक संचालन करने एवं कलेक्ट्रेट परिसर राजनांदगांव में राजबिहान रसोई संचालित करते अपने लखपति बनने का सफर को बताया।

### कार्यक्रम की प्रशंसा

इसी प्रकार रूखमणी साहू ने बताया कि एक सामान्य गृहणी के रूप में कार्य करते बिहान योजना के तहत समूह से जुड़कर एफएलसीआरपी व बीमा सखी का कार्य प्रारंभ किया तथा फैंसी स्टेशनरी जनरल स्टोर्स, ग्रामीण गैस वितरक एवं सीएससी सेंटर के रूप में 4 से 5 आजीविका गतिविधियों का संचालन कर रही है। उन्होंने दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम की प्रशंसा करते बताया कि इस कार्यक्रम के 10वें एपिसोड में प्रसारित कार्यक्रम में सायबर फ्रॉड से बचाव एवं अपना ओटीपी अन्य व्यक्ति को साझा नहीं करने से संबंधित जानकारी से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में जागरूकता आई है। जिसके लिए रूखमणी साहू ने इस रेडियो कार्यक्रम के लिए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान ज्ञानेश्वरी निषाद एवं रूखमणी साहू को उनके उत्कृष्ट आजीविकामूलक कार्यों हेतु प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार संभाग स्तर पर दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव जिले के ग्राम कुसमी की लखपति दीदी दिव्या निषाद ने मुख्यमंत्री से ऑनलाइन चर्चा करते बिहान योजना के माध्यम से विभिन्न आजीविका गतिविधियां करते अपने लखपति बनने की कहानी साझा किया।

# नाबार्ड सीजीएम का बरगा में दौरा



■ आरसेटी के महत्वपूर्ण भूमिका पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बरगा में डीके गावली मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड रायपुर क्षेत्र द्वारा संस्थान का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर सुधीर सोनी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव, मुनीश शर्मा लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर तथा मनोज नायक जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक अमित मिश्रा द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

सीजीएम डीके गावली ने वर्तमान में संचालित फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी तथा ए-हेल्प (पशु सखी) प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं के कौशल विकास में आरसेटी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने रुडसेड अवधारणा से आरसेटी की स्थापना के इतिहास, स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षणों की आवश्यकता तथा ग्रामीण आजीविका सृजन में संस्थान के योगदान की सराहना की। उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्रालय नाबार्ड एवं प्रायोजक बैंक की आरसेटी के प्रति जिम्मेदारियों एवं समन्वित प्रयासों की भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान ए-हेल्प (पशु सखी) प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रतिभागी बहनों ने भी अपने अनुभव साझा करते प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं आत्मविश्वास के बारे में बताया। अंत में निदेशक अमित मिश्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आरसेटी के अधिकारी-कर्मचारी तथा प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही।

## संचालकों को थमाया कारण बताओ नोटिस

# सुकुलदैहान के दो कृषि केंद्र सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद की कालाबाजारी व जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलेभर में सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कृषि विभाग की टीम द्वारा शिकायत के आधार पर जिले के विभिन्न कीटनाशी विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान स्थित नित्या कृषि केन्द्र एवं रत्ना कृषि केन्द्र के जांच के दौरान कीटनाशी अधिनियम के विभिन्न नियमों का उल्लंघन करने पर कीटनाशकों का विक्रय करना पाया गया।

कार्रवाई में सहायक संचालक कृषि संध्या कोचर, विकासखंड उर्वरक निरीक्षक अविनाश दुबे एवं मिथलेश साहू शामिल थे। कृषि विभाग की टीम द्वारा किसानों के हितों की रक्षा तथा गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में कीटनाशी, उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध कीटनाशी अधिनियम एवं प्रचलित नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जा रही है।




### गंभीर अनियमितता पाई गई

कृषि केन्द्रों के संचालकों द्वारा अवैध गोदाम के माध्यम से कीटनाशकों का व्यापार किए जाने, बिना स्रोत प्रमाण-पत्र व आवश्यक अभिलेखों के कीटनाशकों का भंडारण एवं विक्रय किए जाने तथा निर्धारित दस्तावेजों का समुचित संधारण नहीं किए जाने सहित अन्य गंभीर अनियमितता पाई गई। कृषि विभाग की टीम द्वारा अनियमितताओं को देखते कृषि केन्द्रों के विक्रय परिसरों को तत्काल प्रभाव से सील कर संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# डंपर की ठोकर से बाइक सवार बुजुर्ग घायल, वाहन क्षतिग्रस्त

**राजनांदगांव।** आज दोपहर शहर के गुरुद्वारा चौक पर एक डंपर वाहन की ठोकर से बाइक सवार बुजुर्ग घायल हो गया। डंपर ने बुजुर्ग के वाहन को पीछे से ठोकर मारी और डंपर का पहिया बाइक के पिछले हिस्से को क्षतिग्रस्त करता हुआ निकल गया। इस हादसे में बुजुर्ग के पैर में गंभीर चोंट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस हादसे में बुजुर्ग की जान बाल-बाल बची है। हादसे के बाद सर्विस रोड में भारी वाहनों के बेतरतीब चलने को लेकर लोगों में नाराजगी देखी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के मामले में डंपर चालक पर कार्रवाई की है।



### हादसे के बाद जमा हो गई भीड़

हादसे के बाद चौक पर काफी भीड़ जमा हो गई। बुजुर्ग को एक निजी वाहन के जरिये अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### सर्विस रोड पर भारी वाहन

शहर के फ्लाई ओवर के नीचे सर्विस लेन से भारी वाहनों के गुजरने के चलते यहां हर पल हादसे का खतरा बना हुआ रहता है। वहीं सर्विस लेन पर माल लोडिंग-अनलोडिंग करने के लिए भी वाहनों को खड़ी कर दिया जाता है। शहर के गुरुद्वारा चौक के समीप मोड पर ही कई दुकान लगने की वजह से यहां जाम लग जाता है। शीतला मंदिर की ओर से आने वाले वाहन इस मोड पर विपरीत दिशा में रहते हैं। जिससे गुरुद्वारा चौक पर हर पल हादसे का खतरा बना हुआ रहता है।

## वृद्धा पर हमला कर आभूषण की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में काम करने के पश्चात बैठी एक वृद्धा के हाथ पर सुबह के समय अज्ञात व्यक्ति ने हमला कर आभूषण की लूट कर ली। इस घटना की खबर से लखोली क्षेत्र में आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार शहर के लखोली इलाके में आज सुबह एक वृद्धा अपने घर में सब्जी काट रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात आरोपी पहुंचा और अचानक वृद्धा पर हमला कर उसके पहने गहने लूटकर मौके से फरार हो गया। बताया गया कि इस घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। इस मामले की रिपोर्ट कोतवाली थाना में की गई है। पुलिस के अनुसार इस मामले की जांच की जा रही है।






पृष्ठ 11 का शेष

### एलम संकट: रिसाली...

होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा पेयजल सप्लाई में लापरवाही बरती जा रही है। यहां पर फिटकरी का पर्याप्त स्टॉक नहीं रखा जा रहा है। फिटकरी खत्म होने के चलते कम फिटकरी डालकर ही पानी सप्लाई की जा रही है। यही वजह है कि शिवनाथ नदी में बाढ़ के बाद शहर में लगभग तीन दिनों से मटमैला पानी नलों से आ रहा है।

शहर में सुबह और शाम जलापूर्ति के लिए लगभग 5 से 7 टन फिटकरी की आवश्यकता होती है। बारिश के दिनों में पानी मटमैला होने के चलते लगभग 8 टन तक फिटकरी लग जाती है। इसके बावजूद पेयजल सप्लाई को लेकर लापरवाही दिखाई दे रही है। पर्याप्त भंडारण नहीं होने के चलते फिटकरी कम मात्रा में डाली जा रही है। जिससे पानी साफ नहीं हो पा रहा है। फिटकरी खत्म होने के बाद आनन-फानन में शुक्रवार सुबह आपूर्ति के लिए 35 टन फिटकरी मंगाई गई, जो आज शाम लगभग 4 बजे जल संयंत्र पहुंची। यह स्टॉक भी लगभग 5 दिनों तक ही चल पाएगा। ठेका कंपनी के नितिन पाटिल ने बताया कि शुक्रवार को 5 टन फिटकरी और पहुंचने वाली है।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** चेम्बर ऑफ कामर्स जिला इकाई राजनांदगांव द्वारा चेम्बर कार्यालय में चेम्बर के पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति में 9 जुलाई को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद की उपस्थिति में शहर को साफ सुथरा रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।



चर्चा में पदाधिकारी एवं सदस्यों से उनकी राय ली गई कि किस प्रकार शहर को साफ-सुथरा रखा जा सकता है। चर्चा के दौरान सदस्यों ने कहा कि निगम के 51 वार्ड में जाकर निरीक्षण किया जाए कि किस जगह पर डस्टबिन रखा जा सकता है, जो बहु उपयोगी हो। जिससे शहर में लोग खाने-पीने की चीज या अन्य दूसरी वस्तुएं इधर-उधर ना फेंककर डस्टबिन में रखें। चर्चा के दौरान चेंबर अध्यक्ष ने महापौर मधुसूदन यादव से मोबाइल पर तत्काल बात कर चेंबर ऑफ कॉमर्स की जो सफाई के प्रति अपनी मंशा है, उससे उन्हें अवगत कराया तथा महापौर एवं निगम आयुक्त से सफाई के संबंध में चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ एक बैठक अतिशीघ्र करने का उनसे निवेदन किया। महापौर ने तत्काल अपनी सहमति प्रदान की तथा शीघ्र ही एक बैठक चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं महापौर व आयुक्त के साथ रखी जाएगी। बैठक में चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद, प्रदेश उपाध्यक्ष भीमन धनवानी, महामंत्री अरुण दुलानी, उपाध्यक्ष राजकुमार बाफना, उपाध्यक्ष हर्ष चितलांगिया, मंत्री दीपक नवलखा, हरीश मोटलानी, उत्तम गिड़यिा, विजय कांकरिया, विजय ललवानी, महेंद्र सुराणा, राजेश अग्रवाल, सुनील कोटडिया, हर्ष पटेल, नेमीचंद जैन, रमनदीप सिंह भाटिया, विक्की भाटिया, रिक्की सिंह, सुधा पवार, मंजू साहू, संगीता शुक्ला, विम्मी श्रीवास्तव, अखिलेश ठाकुर, मौसमी शर्मा, अंशुला वाघले उपस्थित थे।


Education CG SPECIAL Hub

कोटा स्टडी सर्किल ब्रांच भिलाई तथा रायपुर में ड्रापर नीट, जेईई एवं पी.ई.टी. के अंतिम बैचेस में प्रवेश प्रारंभ

IIT-JEE Mains/ Advance Star Performers
Buha Deep 99.93% | Mayank Gupta 99.93% | Amit Singh 99.91% | S. Rajkumar 96.00%

NEET Star Performers
Chitendra Sahu 611/720 GMC | Subhasni Sahu 548/720 GMC DURG | Deepika Chandra 647/720 GMC RAIPUR | Vivek Kumar Verma 568/720 GMC RAJNANDGAON | Remmy Roy 609/720 GMC DURG

कोटा स्टडी सर्किल भारत सरकार के द्वारा रजिस्टर्ड एवं आइसो सर्टिफाइड तथा राजस्थान से संबंधित एक उत्कृष्ट कोचिंग संस्थान है। जहां विगत 17 वर्षों से नीट तथा जी ई ई के परीक्षाओं की तैयारी कोटा ट्रेंड एवं एवं बहुत ही अनुभवी टीम द्वारा फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी एवं मैथ्स विषय की तैयारी गहनता से कराई जाती है। परिणाम स्वरूप यहां के छात्र अपनी अलग पहचान बनाते हैं। चाहे वह बोर्ड परीक्षाएं हो अथवा नीट एवं जीईई, कोटा स्टडी सर्किल ने विगत 17 वर्षों में राष्ट्र को होनहार डॉक्टर एवं इंजीनियर दिए हैं जो देश-विदेश में अपनी सेवाएं देकर अपने गुरुजन माता-पिता तथा संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही माध्यम के छात्रों के लिए समान सुविधा उपलब्ध होती हैं। यहां का स्टडी मेटरियल तथा ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज इतना अच्छा होता है कि 100% परसेंट क्वेश्चंस आने की संभावना होती है। क्योंकि इस तरह डिजाइन किया जाता है कि अगर क्वेश्चन पेपर बनाने वाला एग्जामिनर किसी भी तरह एंगल से क्वेश्चन पूछे तो वह बन जाए, यहां समय-समय पर आत्मआकलन करने के लिए नीट तथा जीईई बेस्ड मॉक टेस्ट कराए जाते हैं। जिसका छात्रों को फायदा होता है तथा ऐसे छात्र एवं छात्राएं जो कि घर अथवा हॉस्टल में पढ़ाई का माहौल न होने के कारण डिस्टर्ब रहते हैं उनके लिए कोटा स्टडीज सर्कल में एक बेहतरीन लाइब्रेरी उनके पढ़ने के लिए व्यवस्थित की गई है। तथा डीपी पी की प्रैक्टिस कक्षा में ही कर दी जाती है।

जिससे कि वह आने वाले क्वेश्चंस के लिए पहले से तैयार रहते हैं। एवं समय रहते खुद को प्रिपेयर कर पाते हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां क्लास में क्लास के साथ-साथ ही डीपीपी के थ्रू छात्रों को आने वाली परीक्षाओं की पहले से तैयारी कराई जाती है। कोटा स्टडी सर्किल में बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए गर्ल्स तथा बॉयज के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल तथा रहने के साथ-साथ मैस की सुविधा का भी ध्यान रखा जाता है। यहां फीस भी बहुत ही उचित ली जाती है जिससे कि पेरेंट्स के ऊपर कोई अतिरिक्त वर्णन ना आए।

यहां पर आपको माहौल देखने को मिलेगा की आपका बच्चा भिलाई अथवा रायपुर पढ़कर ही राजस्थान कोटा अथवा दिल्ली में स्थित सारी सुविधाओं को छत्तीसगढ़ के भिलाई तथा रायपुर में रहकर प्राप्त कर रहा है।

कोटा स्टडी सर्किल में ड्रॉपर बैजेस 12 तथा 15 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहे हैं। जहां प्रत्येक बैच में लिमिटेड सीट रखी गई है।

पलक रायपुर में आरसी कॉलेज के सामने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बाजू में कोटा स्टडी सर्किल तथा भिलाई में न्यू सिविक सेंटर कोटा स्टडी सर्किल में आकर संपर्क कर सकते हैं।

TM Registration No. 3091296
ISO CERTIFIED 9001 : 2008 CERTIFIED INSTITUTE
KOTA STUDY CIRCLE®
Where we shape the career



नीट तथा JEE के पृथक-पृथक बैच, हिन्दी तथा अंग्रेजी के पृथक-पृथक बैच
कोटा स्टडी मटेरियल ऑल इण्डिया टेस्ट सीरिज गर्ल्स तथा ब्वायस के पृथक-पृथक बैच

X & XII Result
Bhupendra Sahu 94.6%, 10th | Preney Sahu 94%, 10th | Harkita Sinha 94%, 10th | Avinash Naanaday 90.8%, 10th | Ritika Soni 90.4%, 12th | Priyansh Aanand 94.4%, 12th

कोटा रायपुर ब्रांच : R.K.C. कालेज के सामने, जी.ई.रोड रायपुर
कोटा भिलाई ब्रांच : बि. नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
Contact : 90985 34927, 79877 91795



अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसडीएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत् कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी आफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (डीआरडीओ), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है।

संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पास छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए
फायर एवं सेफ्टी औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ (2025-2026)



AVAILABLE COURSES
- Fire Technology & Industrial Safety
- Industrial Safety Management
- Health Sanitary Inspector
- Sub Fire Officer
- B.sc in Fire, safety
- PG in Fire Technology & Industrial Safety
- Certificate in Fireman
- (PDIS) POST DIPLOMA in Industrial safety
- (ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety

गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क में छूट
एडमिशन हेल्पलाइन : 76972-12782
फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
मान्यता प्राप्त संस्था भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
1- FSDMI कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
2- FSDMI कैंपस :- प्लॉट नंबर 766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023
fsdmi cg | fsdmi bhilai | fsdmi_bhilai
12 वर्षों से आपकी सेवा में



रोजगार हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण कम शुल्क में संपूर्ण तकनीकी शिक्षा



एस. एम. उमक

बेरोजगारों के उज्जवल भविष्य के लिए अल्प समय में रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु पावर हाउस भिलाई में स्थित 39 वर्ष पुरानी इंदु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट एक अति विश्वसनीय संस्था है। जो आईएसओ 9001-2015 से प्रमाणित है। जहां प्रेक्टिकल आधारित कोर्स कराये जाते हैं। अत: प्रशिक्षण के बाद प्रेक्टिस करने की आवश्यकता नहीं होती है जिनका लाभ लेते हुए प्रतिवर्ष सैकड़ों बेरोजगार अपने पैरों पर खड़े होकर समाज और परिवार में सम्मान हासिल कर रहे हैं। संस्था छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करती है साथ ही इनकी नौकरी हेतु भी प्रयास करती है। संस्था में समय-समय पर तकनीकी कंपनियां तथा प्लेसमेंट एजेंसी जॉब हेतु संपर्क स्थापित करती है। इस तरह छात्रों को नौकरी भी प्राप्त हो जाती है। संस्था में मोबाईल हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल, फ्रिज-एसी, इन सभी विषयों का प्रेक्टिकल आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है। इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट एकमात्र संस्था है जो तकनीकी प्रशिक्षण में कम्प्यूटर के आधुनिक एनीमेशन का उपयोग करती है इससे कोर्स सरलता से छात्र-छात्राओं की समझ में आ जाते हैं चूंकि सभी कोर्स प्रेक्टिकल आधारित है तथा प्रत्येक छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत प्रेक्टिकल दिया जाता है अत: शैक्षणिक योग्यता का कोई मापदंड नहीं है किसी भी स्तर के छात्र-छात्राएं इन कोर्सेस को सरलता से पूर्ण कर सकते है। यदि छात्र-छात्राएं निश्चित अवधि में कोर्स पूर्ण नहीं कर पाते है और उन्हें अतिरिक्त समय भी लगता है तो अतिरिक्त समय हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता अर्थात छात्र जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता तब तक बिना अतिरिक्त शुल्क लिए कोर्स कराया जाता है। इसके अतिरिक्त भविष्य में छात्र-छात्राओं को कोर्स से संबंधित समस्या आने पर वह नि:शुल्क परामर्श ले सकते है। संस्था द्वारा कोर्स के पश्चात भी तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता है सभी कोर्स सरल हिन्दी में कराए जाते हैं प्रशिक्षण अवधि में छात्रों को प्रेक्टिकल हेतु संपूर्ण सामग्री टूल्स एवं मटेरियल संस्था द्वारा दिया जाता है जिससे पालक पर ट्यूशन फीस के अतिरिक्त कोई बोझ नहीं होता। फीस के बारे में कहा जा सकता है कि जेब खर्च के बराबर फीस अर्थात् अत्यंत कम शुल्क में ये कोर्स कराये जाते हैं। संस्था में प्रेक्टिकल से भरपूर प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए यहां संपूर्ण छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, हिमांचल प्रदेश, उड़ीसा आदि के साथ-साथ नेपाल से भी छात्र आते हैं। बाहरी छात्रों हेतु संस्था का छात्रावास है। संस्था पावर हाउस बस स्टैंड एवं पावर हाउस रेलवे स्टेशन से अत्यधिक नजदीक होने से रायपुर, तिल्दा नेवरा, भाटापारा, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, दल्ली राजहरा रेल लाईन तक के प्रशिक्षणार्थी अप-डाउन कर कोर्स करते हैं। संस्था अपने सभी तकनीकी कोर्स पार्ट-टाईम अथवा फुलटाईम में संचालित करती है। जिससे नौकरी करने वाले शिफ्ट के अनुसार समय परिवर्तित कर प्रशिक्षण ले सकते हैं। प्रतिदिन 1.30 घंटे का समय देकर भी कोर्स किए जा सकते हैं। इस सेंट्रली एयर कुल्ड संस्था में प्रत्येक लैब में लगे कैमरों से संचालक द्वारा आडियो-विडियो मॉनिटरिंग की जाती है। इस तरह संस्था सभी दृष्टि से छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण हेतु दृढ़ संकल्पित एवं प्रयासरत है। जिसका लाभ उठाते हुए छात्र-छात्राएं कम फीस में भरपूर प्रेक्टिकल का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भर हो सकते है एवं सबसे बड़ी बेरोजगारी की समस्या से निजात पा सकते है। नोट: महिलाओं हेतु विशेष व्यवस्था। संस्था में आने हेतु भिलाई पावर हाऊस के बस स्टैंड या पावर हाऊस स्टेशन पर उतरना होगा। संस्था की संपूर्ण जानकारी हेतु फोन करें।

(NGO सामाजिक संस्थाएं यदि युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते है तो संस्था उन्हें विशेष छूट और सहयोग प्रदान करती है।)

हमारी संस्था की कोई अन्य शाखा नहीं है।
www.indutechnical.com
मो.: 98271 94279
8770222654 74156 74157
पर संपर्क किया जा सकता है।

समय का सदुपयोग-आय का साधन-प्रशिक्षण जो रोजगार दिलाए

मोबाईल सर्विसिंग कोर्स
कोर्स में हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर में इलेक्ट्रानिक्स कम्पोनेट, कम्प्यूटर ऑपरेटिंग, एंटी वायरस, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, टच स्क्रिन व एन्ड्राइड मोबाईल, अनलॉकिंग, फ्लेशिंग, कार्ड राइटिंग, ब्लू-टूथ मोबाईल ओपनिंग-फिटिंग, सोल्डरिंग-डिसोल्डरिंग, बॉल आई.सी., प्लाटिंग एवं फॉल्ट फाईडिंग करवाई जायेगी।

कम्प्यूटर हार्डवेयर
महानगरी स्तर की शिक्षा कम शुल्क में
कोर्स में लेपटॉप, डेस्क टॉप प्रिंटर, मॉनीटर, स्केनर, SMPS पावर सप्लाई रिपेयरिंग, बेसिक इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर असेम्बिलिंग एवं ट्रबलशूटिंग भी। भरपूर प्रेक्टिकल कम्प्यूटर से एनीमेशन द्वारा विशेष जानकारी।

इलेक्ट्रिकल कोर्स
वायरिंग, मोटर रिवाइंडिंग (1/2 से 27 एच.पी. तक) एवं घरेलु उपकरण वाशिंग मशीन मिक्सी, गिजर, कूलर, पंखे, लाईट, डेकोरेशन, जेट पंप, मोनो ब्लॉक पंपसेट, सबमर्सिबल पंप, टुल्लु पंप, मोटर स्टॉर्टर, पेनल बोर्ड, वेल्डिंग ट्रांसफारमर आदि का गारंटेड प्रशिक्षण।

इलेक्ट्रानिक्स कोर्स
एफ.एम. रेडियो, इंडक्शन चूल्हा, एलईडी, एलसीडी एवं सीआरटी टीवी पर प्रेक्टिकल आडियो, विडियो एमपी-3 सीडी प्लेयर, डीवीडी, होम थियेटर, डी.टी.एच., सिस्टम, इन्वर्टर का गारंटेड प्रशिक्षण।

फ्रीज व एसी कोर्स
फ्रिज (फ्रास्ट फ्री एवं नान फ्रास्ट), विंडो एसी, स्प्लीट एसी, ऑटो मोबाइल (कार) एसी, पैकेज (डक्टिंग) एसी, डीप फ्रीजर, चिल्ड वाटर सिस्टम, बॉटल कूलर, मिठाई के शोकेस का पूर्ण प्रेक्टिकल, गैस चार्जिंग सामान्य एवं आधुनिक गैस चार्जिंग स्टेशन दोनों पद्धतियों से।

छात्रावास सुविधा | स्थापना वर्ष 1987 | रविवार अवकाश
इन्दु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट
टी-मार्केट, पावर हाउस, भिलाई मो.: 98271-94279, 74156-74157

### लापरवाही बरतने सहायक अभियंता व उप अभियंता को तत्काल निलंबित के निर्देश

# धंस गई सड़क; सहायक अभियंता और उप अभियंता को निलंबित करने के निर्देश

■ खारिया से अगरी तक पीएम जनमन योजना की सड़क की राज्य स्तरीय जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर बोड़ला विकासखंड के दलदली मेन रोड खारिया से अगरी तक प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत निर्मित सड़क के धंसने की शिकायत के बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह ने गुरुवार को मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क की गुणवत्ता का वैज्ञानिक परीक्षण कराने के लिए कोर कटिंग कराई गई तथा विभिन्न तकनीकी मानकों पर सड़क की जांच की गई।

जांच में स्पष्ट हुआ कि नवनिर्मित सड़क हैवी लोड वाहनों के आवागमन के कारण क्षतिग्रस्त हुई। जिस सड़क पर केवल 10-12 टन क्षमता वाले वाहनों के संचालन की अनुमति है, वहां 60-70 टन क्षमता तक रेत परिवहन करने वाले भारी वाहनों के संचालन और शोल्डर निर्माण में तकनीकी खामी से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। सचिव श्री सिंह ने दलदली मेन रोड खारिया से अगरी तक निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने के कारण ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए।

निर्माण कार्यों में मॉनीटरिंग और गुणवत्ता सुनिश्चित कराने में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित सहायक अभियंता सौरभ देशमुख और उप अभियंता जे रितेश नायडू को तत्काल निलंबित किया गया। वहीं कार्यपालन अभियंता संतोष कुमार ठाकुर को निलंबित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सड़क का जो हिस्सा क्षतिग्रस्त है उसे उखाड़कर पुनः बनवाने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। वहीं पूरी सड़क के शोल्डर को गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ सुधार करवाने के निर्देश दिये गये हैं। इस अवसर पर अधिक्षण अभियंता अखिलेश तिवारी, बलवंत पटेल, अमित गुलहरे कार्यपालन अभियंता संतोष ठाकुर, सहायक अभियंता सौरभ देशमुख, उप अभियंता जे रितेश नायडू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

#### सड़क की कोर कटिंग करवाकर मौके पर ही करवाई जांच



जांच के दौरान अन्य तकनीकी मानकों का परीक्षण भी किया गया, जिसमें कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाया गया। जीएसबी एवं डब्ल्यूबीएम परतों के परीक्षण में ग्रेडेशन तथा कम्पैक्शन संतोषजनक रहा। वहीं, बीटी कार्य के तहत पीएमसी एवं सील कोट के लिए किए गए बाइंडर कंटेंट परीक्षण में 6 प्रतिशत परिणाम प्राप्त हुआ, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप है। तकनीकी जांच के दौरान यह पाया गया कि सड़क के शोल्डर का कॉम्पैक्शन निर्धारित मापदंड (100 प्रतिशत) से कम था। आरडी 1400 मीटर पर यह 95 प्रतिशत और आरडी 2100 मीटर पर केवल 94.68 प्रतिशत पाया गया, जो कि मानकों से कम है। जांच में आर.डी. 1400 मीटर पर निर्मित पुलिया के एप्रोच में बैकफिलिंग (मिट्टी भराई) का कार्य भी मापदंड के अनुसार नहीं किया गया था। इस वजह से वर्षाऋतु में बारिश का पानी शोल्डर से होते हुए सड़क के सब-बेस (निचली सतह) में घुस गया, जिससे सड़क के अंदरूनी हिस्से कमजोर हो गए। सचिव भीम सिंह ने कहा कि पीएम जनमन की सड़क पर भारी वाहनों का संचालन प्रतिबंधित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क की क्षमता से अधिक भार वाले वाहनों के चलने से सड़क को नुकसान पहुंचा है। ऐसे वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए परिवहन, पुलिस और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे।

# निश्चलानंद सरस्वती का प्राकट्य महोत्सव राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा

■ सभी सनातनियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हिंदूराष्ट्र प्रणेता तथा सनातन धर्म के सर्वोच्च, सर्वमान्य एवं सार्वभौम धर्मगुरु ऋग्वेदीय पूर्वमनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद् जगतगुरु शङ्कराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग का 84वां प्राकट्य महोत्सव समूचे देश में राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित होगी जहां आदित्यवाहिनी छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष आशीष दुबे एवं कवर्धा से लोकेश त्रिपाठी सम्मिलित होंगे।



आदित्यवाहिनी के जिलाध्यक्ष कुलेश्वर सिंह राजपूत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अवगत कराया कि श्रीमज्जगद्गुरु शङ्कराचार्य महाराज के अवतरण दिवस आषाढ़ कृष्ण त्रयोदशी को सनातन धर्मावलंबियों के द्वारा राष्ट्रोतकर्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है।

तदानुसार इस वर्ष 12 जुलाई को प्रातः स्थानीय गौशाला में गौ सेवा की जाएगी तथा सायं 5:00 बजे श्रीराधा कृष्ण बड़े मंदिर में सत्संग एवं संगोष्ठी का समायोजन होगा, जहां पूज्यपाद के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घायु जीवन की प्रार्थना के साथ अच्युत अनंत गोविंद का सामूहिक संकीर्तन एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ संस्था के सदस्यों एवं शिष्यवृन्द के द्वारा किया जाएगा तथा अन्त में प्रसाद वितरण किया जाएगा।

आदित्यवाहिनी, आनंदवाहिनी एवं पीठ परिषद ने समस्त गुरु भाई-बहनों, सनातन समाज के सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अपने परिवार, इष्ट मित्रों एवं सगे-संबंधियों सहित कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्रोत्कर्ष के इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

### आग से बीच-बचाव के बारे में विस्तार से नई तरीका बताया



बरबसपुर। सहकारिता सप्ताह का आयोजन पर भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादन कारखाना मर्यादित राम्हेपुर मे आग जनित आग के प्रकार उस आग से कैसे बचा जाए और कैसे आग को रोका जाए उनके उपाय और रोकथाम सावधानी कैसे करना चाहिए इसके बारे में कारखाना के सेफ्टी इंचार्ज धनीराम यादव के द्वारा आग को बुझा कर कर्मचारीयो को आग से बचना रोक थाम का उपाय, अग्नि समन यंत्र को संचलन का तरीका का नई तरीका सिखाया ताकि आग के हवाले से बच सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी महाप्रबंधक अंकित मरकाम, चीफ इंजीनियर आशुतोष, पांडेय, चीफ केमिस्ट चंद्रजीत यादव, सीनियर इंजीनियर धनसिग, सुखपाल सिह, मुकेश कुमार चंद्रवंशी, अनिल कनौजिया, केमिस्ट कपिल भूंसारी, मोती चंद्रवंशी, विपिन साहू व इंजीनियर विकास शुक्ला सहित सूरक्षा अधिकार एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थें।

# आवासहीन परिवारों को पट्टा देने सर्वे प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए आवासहीन व्यक्ति को आवास मिल सके, जिसके फलस्वरूप नगर पंचायत पिपरिया में 08 जुलाई से 06 अगस्त तक वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक के लिए सर्वे दल का गठन किया गया है, जो नगर में भ्रमण कर पात्रताधारी व्यक्तियों से आवेदन लिया जाकर परीक्षण किए जाने के पश्चात शासनादेशानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

नगर में निवासरत व्यक्ति 20 अगस्त 2017 के पूर्व से लगातार निवासरत होने का निम्नलिखित दस्तावेज क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग/राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची, विद्युत देयक/विद्युत संयोजन का दस्तावेज, टेलीफोन बिल, से स्थानीय नगरीय निकाय का संपत्तिकर/समेकित कर पंजी, जलकर भुगतान दस्तावेज, भवन अनुज्ञा/दुकान अनुज्ञा, अधिनियम के अधीन प्रदत्त पट्टाधृति पट्टे तथा आधार कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस कोई भी एक दस्तावेज होना आवश्यक है। जिसे आवासहीन व्यक्ति को प्रस्तुत करना होगा।

उक्त संबंध में नगर पंचायत पिपरिया में बैठक आहूत किया गया जिसमें अध्यक्ष घुरूवा राम साहू, उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, पार्षदगण सोम पटेल, राजेन्द्र गुप्ता, कमलकांत नाविक एवं नंदा पाटिला, विकास कुमार जैन तहसीलदार पिपरिया, कामेश्वर सिंह क्षत्रिय राजस्व निरीक्षक, शशांक तिवारी पटवारी पिपरिया एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर सिंह नेताम के सहित निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थें।

# गन्ने की नई किस्म ने जगाई किसानों की आस उत्पादन के साथ मुनाफा बढ़ने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया शक्कर कारखाना का गन्ना विभाग लगातार किसानों के खेतों तक पहुंचकर नई तकनीकों और उन्नत गन्ना प्रजातियों की जानकारी दे रहा है, जिससे किसान अधिक उत्पादन लेकर अपनी आय बढ़ा सकें। पंडरिया शक्कर कारखाना के गन्ना शोध केंद्र द्वारा इस वर्ष किसानों को नई प्रजातियों के लगभग 32 लाख गन्ना पौधों का वितरण किया गया है।

गन्ने की पारंपरिक सीओजे-85 किस्म से अपेक्षित उत्पादन नहीं मिलने के कारण विभाग ने इसके विकल्प के रूप में नई उन्नत प्रजातियों को बढ़ावा देना शुरू किया है। इनमें सीओ 86032 (नयना), पीडीएन 13007, पीडीएन 15012 तथा एसएनके 13374 प्रमुख हैं। शोध के आधार पर इन किस्मों को उत्पादन, गुणवत्ता और चीनी रिकवरी के लिहाज से बेहतर माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार नई किस्मों में प्रति हेक्टेयर 1000 से 1200 क्विंटल तक उत्पादन देने की क्षमता है। साथ ही इनमें चीनी की रिकवरी भी अधिक होती है, जिससे किसानों के साथ-साथ चीनी मिलों को भी लाभ मिलेगा। सीओं 86032 (नयना) किस्म का गन्ना मोटा होता है, इसका जमाव बेहतर रहता है तथा इसमें अधिक कल्ले निकलते हैं। यह पेड़ी फसल के लिए भी उपयुक्त मानी जाती है, जिससे किसानों को लगातार बेहतर उत्पादन मिलने की संभावना रहती है।



#### सही बीज का चयन सफलता की कुंजी

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि गन्ने की खेती में सबसे महत्वपूर्ण चरण स्वस्थ बीज का चयन है। यदि बीज रोगग्रस्त या कमजोर हो तो अंकुरण कम होता है और इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ता है। बीज की मात्रा के संबंध में भी किसानों को सही जानकारी होना आवश्यक है। एक आंख वाले बीज की बुवाई के लिए लगभग 20 क्विंटल प्रति एकड़ तथा दो आंख वाले बीज के लिए करीब 30 क्विंटल प्रति एकड़ बीज की आवश्यकता होती है। विशेषज्ञों के अनुसार बीज के लिए 9 से 10 माह पुराना स्वस्थ गन्ना सबसे उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि इसमें अंकुरण क्षमता अधिक होती है। वहीं 11 से 12 माह पुराने गन्ने में अंकुरण की संभावना कम हो जाती है। जिन गन्नों पर लाल निशान, सड़न या किसी भी प्रकार के रोग के लक्षण दिखाई दें, उन्हें बीज के रूप में उपयोग नहीं करना चाहिए।

# जर्जर शौचालय से स्कूली छात्र-छात्राएं परेशान

■ नए शौचालय निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम गांगचुवा के शासकीय प्राथमिक शाला में अध्ययनरत 54 से अधिक छात्र-छात्राओं को जर्जर शौचालय के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल परिसर में बने शौचालय पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे उनका उपयोग करना संभव नहीं है।

ग्रामीणों के अनुसार शौचालय की दीवारें जर्जर हो गई हैं तथा दरवाजे और खिड़कियां भी टूट चुकी हैं। ऐसे में छात्र-छात्राएं मजबूरीवश खुले में शौच जाने को विवश हैं, जिससे उनकी सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण नागरिकों एवं पालकों का कहना है कि जब शासन द्वारा गांवों को खुले में शौच से मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, तब स्कूल में शौचालय की ऐसी स्थिति चिंता का विषय है। उनका कहना है कि विद्यार्थियों की सुविधा और सम्मानजनक वातावरण को ध्यान में रखते हुए स्कूल में नए शौचालय एवं मूत्रालय का शीघ्र निर्माण कराया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए स्कूल में नए शौचालय और मूत्रालय का निर्माण कराया जाए, ताकि छात्र-छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके।



# दीदी के गोठ मासिक रेडियो प्रसारण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के महत्वपूर्ण जन जागरूकता कार्यक्रम दीदी के गोठ के मासिक रेडियो प्रसारण के प्रथम वर्षगांठ पर जिला पंचायत कबीरधाम के सभा कक्ष भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले की लखपति दीदी श्रीमती दुर्गा नट एवं श्रीमती रूखमणि जायसवाल सहित समूह की अन्य दीदियों को वर्चुअल रूप से संबोधित किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नारी शक्ति को समर्पित दीदी के गोठ सभी के लिए उपयोगी है। रानी मिस्त्री, डीलर दीदी जैसे कार्यों से महिलाओं ने अपनी नई पहचान बनाई है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास के लिए और कार्य किया जाएगा जिससे ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार मिलेगा। समूह के द्वारा महिलाएं आगे बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी सहित जिला पंचायत के सदस्य श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, श्रीमती सुमित्रा पटेल, वीरेंद्र साहू, लोकचंद साहू, नितेश अग्रवाल, विजय पटेल, खिलेश्वर साहू सहित जिला पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं बिहान योजना से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की दीदीयां बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

यह कार्यक्रम आकाशवाणी के माध्यम से प्रदेशभर की स्व-सहायता समूहों की दीदियों तक सरकार की योजनाओं,आजीविका के अवसरों तथा प्रेरणादायक सफलता की कहानियों को पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है।

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, Gaukaran Dhurve S/o Avtari Dhurve R/o Singhanpuri, PO.Kawardha, DIST.Kawardha, Chhattisgarh, 491995 have change the name of my minor daughter Palk Dhurwe aged 15 Years and she shall hereafter be known as Palak Dhurwe.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Gaukaran Dhurve
[Signature of Guardian]

### परीक्षा परिणाम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दुर्ग के हेमचंद विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रमके वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किए है।

### निधन

#### श्रीमती नंदनी गुप्ता



पाण्डातराई। नगर पंचायत पाण्डातराई के प्रतिष्ठित नागरिक मिठ्ठू दास साहेब की धर्मपत्नी श्रीमती नंदनी गुप्ता का गत 8 जुलाई की शाम को हृदयगति रुक जाने के कारण आकस्मिक सतलोक गमन हो गया। श्रीमती गुप्ता अखिलेश, अमितेश, आशुतोष की मां थी। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों, सामाजिक लोगों तथा परिजनो ने शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर दिखाई प्रतिभा

# बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट स्पर्धा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में सह शैक्षिक गतिविधियों की श्रृंखला में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट (व्यर्थ वस्तुओं से उपयोगी समान) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा 1लीं से 12वीं तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी सृजनात्मकता को बखूबी प्रदर्शित किया।

घर में पड़े अनावश्यक समान को उत्तम तरीके से उपयोग में लाते हुए वॉल हैंगर, पेन होल्डर, पेंसिल स्टेंड, खिलौने, ढोलक, फोटो फ्रेम, फूल दान, गुलदस्ते एवं वर्किंग मोटर का इस्तेमाल करते हुए पंखा भी बनाया। इस प्रकार बच्चों ने उत्साह पूर्वक आकर्षक एवं उपयोगी कलाकृतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं नन्हें मुन्हें प्री-प्राईमरी के बच्चों ने क्ले के माध्यम से विभिन्न मनमोहक कलाकृतियां का निर्माण किया। जिसमें एलकेजी के विवेक चन्द्रवंशी और वंशराज सिंह ठाकुर ने प्रथम स्थान, इशानवी ने द्वितीय तथा यूकेजी के युवांश राजपूत, अयांक ठाकुर, दिग्नेश घृतलहरे, याशु सिन्हा, व दक्षराज ने प्रथम स्थान, शिवांजली राजपूत, अयांश राव खपरडे, हेसिका जैन, हर्षित चन्द्रवंशी, विनम्र चन्द्रवंशी, अंविका खरे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं से 12वीं वर्ग में देवनंदिनी रात्रे 9वीं ने प्रथम, चार्वी साहू 9वीं ने द्वितीय और श्रेया चन्द्राकर 12वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 6वीं से 8वीं वर्ग में भव्या राजपूत कक्षा 7वीं ने प्रथम, भव्या देवांगन 8वीं व चार्वी रात्रे 6वीं ने द्वितीय, रूबी धुर्वे 6वीं व अवनी झारिया 7वीं ने तृतीय स्थान तथा कक्षा 3रीं से 5वीं वर्ग में कक्षा 4थीं के अदिश नाथ योगी व श्रेजल साहू ने प्रथम, धैर्य 3रीं व समृद्धि चन्द्रवंशी 4थीं ने द्वितीय एवं कक्षा 5वीं के आरव राव व पारूल वैष्णव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 1लीं से 2रीं वर्ग में रिषभ वर्मा 2रीं व जसमन सिंह 1लीं ने प्रथम, कक्षा 2रीं के सामर्थ यादव व झानवी साहू ने द्वितीय एवं गगन बंजारे 1लीं व सुयश जैन 2रीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्येश्य बच्चों के भीतर रचनात्मकता, नवाचार, कल्पनाशक्ति एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना बताया तथा समूचे विद्यार्थियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।



**खबर संक्षेप**

### मोर गांव मोर पानी महाअभियान सार्थक

**कवर्धा।** जिले में भीषण गर्मी के दौरान मोर गांव मोर पानी महाअभियान अंतर्गत ग्रामीणों को रोजगार और जल संरक्षण करने के उद्देश्य से विकसित भारत जी राम जी योजना से बनाए जा रहे आजीविका डबरी और नवा तरिया का सकारात्मक परिणाम अब बारिश के महीने में देखने को मिल रहा है। जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में अभी तक 253 आजीविका डबरी और 25 नवा तरिया का निर्माण किया गया है। जिसमें क्रमशः 225170 घन मीटर एवं 207234 घन मीटर सहित कुल 432404 घन मीटर वर्षा जल का संग्रहण होगा।

# बीईओ के नोटिस को ठेंगा, ब्लॉक में लगातार गायब मिल रहे शिक्षक

- निरीक्षण के आभाव में मध्याह्न भोजन का भी अता-पता नहीं, नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

विकासखंड बोड़ला के वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला जामपानी के शिक्षक की अनुपस्थिति से बच्चों के भविष्य के साथ सरेआम खिलवाड़ की एक गंभीर तस्वीर सामने आई है।

ग्रामीणों और जमीनी हकीकत के अनुसार, विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था और मध्याह्न भोजन का संचालन पूरी तरह से रामभरोसे चल रही है। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक आशुतोष तिवारी बिना किसी पूर्व सूचना या अवकाश आवेदन के लगातार गायब मिल रहे हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा इस शिक्षक को लगातार अनुपस्थिति के कारण पहले ही कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है। नोटिस में 1 जुलाई 2026 से लगातार नदारद रहने का स्पष्टीकरण तीन दिनों के भीतर मांगा गया था। लेकिन, प्रशासनिक चाबुक का असर तो दूर, शिक्षक की मनमानी इस कदर हावी है कि 8 जुलाई 2026 को भी वे विद्यालय से नदारद पाए गए। इस संबंध में जब शिक्षक का पक्ष जानने के लिए उन्हें लगातार 3-4 बार फोन किया गया, तो उन्होंने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा।

जब इस घोर लापरवाही को लेकर विद्यालय के प्रधानपाठक से जवाब मांगा गया, तो उनकी लाचारी और गैर-जिम्मेदाराना रवैया साफ नजर आया। उन्होंने कहा कि शिक्षक की छुट्टी के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है और न ही कोई आवेदन मिला है।

हद तो तब हो गई जब अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते हुए प्रधानपाठक खुद भी समय से पहले स्कूल बंद कर वहां से रफूचक्कर हो गए।

### आंगनबाड़ी के भरोसे नौनिहाल

स्कूल की बदइंतजामी यहीं खत्म नहीं होती। बच्चों के पोषण के लिए मिलने वाले मध्याह्न भोजन को लेकर भी विद्यालय प्रशासन पूरी तरह अंधकार में दिखा। प्रधानपाठक को यह तक नहीं पता था कि उस दिन बच्चों का खाना कहां बन रहा है। बाद में जब जांच की गई, तो आंगनबाड़ी सहायिका ने खुलासा किया कि प्राथमिक शाला के बच्चों का मध्याह्न भोजन आंगनबाड़ी केंद्र में तैयार किया गया है।




### ग्रामीणों में भारी आक्रोश, उच्च स्तरीय जांच की मांग

इस पूरी अव्यवस्था और लापरवाही को देखकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का तीखा सवाल है कि जब संस्था प्रमुख (प्रधानपाठक) को ही अपने मातहत शिक्षक और बच्चों के भोजन की सुध नहीं है, तो वनांचल के इस स्कूल का संचालन कैसे हो रहा है? ग्रामीणों ने कबीरधाम शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों से इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कर, दोषी शिक्षक और प्रधानपाठक के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की है।

## पीएम ग्राम सड़क के तहत बनी थी दलदली मुख्य मार्ग से अगरी तक सड़क

# भर्राशाही : महज दो माह भी नहीं टिक पाई 249 लाख रुपए की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

ग्रामीण इलाकों को बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। ताजा मामला छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा के गृह जिले का है, जहां दलदली मुख्य मार्ग से अगरी तक बनाई गई सड़क में भारी भरकम भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण का गंभीर आरोप ग्रामीणों और खुद स्थानीय सरपंच ने लगाया है।

मिली जानकारी के अनुसार, इस सड़क निर्माण की कुल लागत 248.99 लाख रुपए है, और इसका ठेका तिलक राम चंद्रवंशी नामक ठेकेदार को दिया गया था। तकनीकी मापदंडों और वर्क ऑर्डर के मुताबिक, इस सड़क के बेस को मजबूत करने के लिए 75 एमएम की गिट्टी डालकर दो अलग-अलग लेयर में निर्माण किया जाना था। लेकिन धरातल पर नियमों को ताक पर रख दिया गया। स्थानीय सरपंच और ग्रामीणों का साफ तौर पर कहना है कि ठेकेदार द्वारा तय मापदंडों की गिट्टी का इस्तेमाल करने के बजाय सिर्फ मुरुम और मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी गई।

यह मामला बेहद सोचनीय और गंभीर इसलिए हो जाता है क्योंकि यह सीधे प्रदेश के हाई-प्रोफाइल गृहमंत्री विजय शर्मा के गृह क्षेत्र से जुड़ा है। सरपंच के मुताबिक, कागजों में चमचमाती इस सड़क का उद्घाटन खुद गृहमंत्री विजय शर्मा ने किया था। ऐसे में जब गृहमंत्री के खुद के क्षेत्र में विभागीय अधिकारियों और कार्य एजेंसी को प्रशासन का रत्ती भर भी खौफ नहीं है, तो बाकी जगहों की स्थिति क्या होगी? इससे तो यही प्रतीत होता है कि भ्रष्टाचार की इस मिठाई का स्वाद नीचे से लेकर ऊपर तक के तंत्र को मिल रहा है।



### महज दो महीने में खुली पोल, गुणवत्ता जांच पर उठे सवाल

सड़क की बदहाली का आलम यह है कि महज दो महीने पहले, यानी 10 से 20 अप्रैल के बीच ही इस रोड पर डामरीकरण (पिचिंग) का कार्य किया गया था। लेकिन जून-जुलाई की शुरुआती बारिश ने ही ठेकेदार और विभाग की मिलीभगत की कलई खोलकर रख दी है। दो महीने के भीतर ही सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है और इसकी जो दुर्दशा हो रही है, उसे बयां करने के लिए किसी गवाह की जरूरत नहीं है, सड़क खुद अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रही है।

### क्षेत्रवासियों ने की जांच की मांग

ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अब इस मामले में उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। देखना यह होगा कि गृहमंत्री के गृह जिले के इस मामले पर प्रशासन क्या एक्शन लेता है और दोषी ठेकेदार व लापरवाह इंजीनियरों पर गाज गिरती है या फिर इस भ्रष्टाचार पर भी हमेशा की तरह पर्दा डाल दिया जाएगा।

### बड़ा सवाल, क्वालिटी कंट्रोल की आंखें बंद क्यों?

जनता के मन में अब यह बड़ा सवाल उठ रहा है कि आखिर इतने बड़े और करोड़ों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने वाले क्वालिटी कंट्रोल के अधिकारी कैसे इस घटिया काम को पास कर देते हैं? योजनाएं जनता की सुविधा के लिए धरातल पर उतारी जाती हैं, लेकिन इस भ्रष्ट सिस्टम के चलते सीधा लाभ सिर्फ ठेकेदार और मिलीभगत करने वाले अधिकारियों की जेब को पहुंच रहा है।

# क्रेज व्हील का कीचड़ सड़क पर लापरवाही पड़ सकती है भारी

## भारतीय किसान संघ ने किसानों से की अपील

- सुरक्षित खेती के साथ सुरक्षित समाज का लें संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मानसून शुरू होने के साथ ही जिले के किसान खेतों में ट्रैक्टर से जुताई और रोपाई का कार्य तेजी से कर रहे हैं। ऐसे समय में खेती-किसानी के साथ सड़क सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी निभाना भी आवश्यक है।

भारतीय किसान संघ ने किसानों से अपील की है कि खेतों में कार्य के दौरान ट्रैक्टर के पहियों में लगाए जाने वाले क्रेज व्हील में जमा कीचड़ और दलदल को मुख्य सड़क पर आने से पहले अच्छी तरह साफ करें, ताकि सड़क पर फिसलन न बने और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। भारतीय किसान संघ के जिला प्रचार प्रमुख दिनेश चन्द्रवंशी ने कहा कि कई किसान खेत से सीधे ट्रैक्टर को मुख्य सड़क पर ले आते हैं।

इससे क्रेज व्हील में फंसा कीचड़ सड़क पर फैल जाता है और पूरी सड़क चिकनी एवं फिसलनभरी हो जाती है। ऐसी स्थिति में दोपहिया वाहन चालक, स्कूल आने-जाने वाले बच्चे, साइकिल सवार तथा पैदल चलने वाले बुजुर्ग दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अन्नदाता होने के नाते किसानों की जिम्मेदारी केवल अन्न उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की सुरक्षा भी उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। एक छोटी-सी लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है और किसी परिवार की खुशियां छीन सकती है।



### क्रेज व्हील से मिट्टी हटाकर उतारें सड़क पर

भारतीय किसान संघ ने सभी किसानों से आग्रह किया है कि खेत में कार्य समाप्त करने के बाद ट्रैक्टर को पहले सड़क किनारे रोककर क्रेज व्हील में लगी मिट्टी और कीचड़ को पूरी तरह साफ करें। यह कार्य महज 10 से 15 मिनट का है, लेकिन इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका काफी हद तक कम की जा सकती है। संघ ने किसानों से खेती-किसानी के साथ सुरक्षित सड़क, सुरक्षित समाज का संकल्प लेने तथा सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देने की अपील की है।

# कबीरधाम जिले में 184.1 मिली मीटर औसत वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 184.1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।



कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 172.3 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 144.2 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 184.1 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 135.6 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 119.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 113.6 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 334.3 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 269.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 09 जुलाई की स्थिति में पिछले चौबीस घंटे में जिले में 4.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 2.4 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 2.0 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 2.4 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 0.6 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 15.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 2.1 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 4.2 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 9.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# समाधान समारोह में प्रकरण प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अब 31 जुलाई तक की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल, सुलभ एवं सहमति आधारित बनाने के उद्देश्य से आयोजित समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत-2026) के अंतर्गत मामलों को प्रस्तुत करने की समय-सीमा बढ़ा दी गई है।

अब सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को विशेष लोक अदालत के लिए संदर्भित करने हेतु गूगल फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। समाधान समारोह का शुभारंभ 21 अप्रैल 2026 से हो चुका है तथा इसकी परिणति 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के रूप में होगी।

इस विशेष लोक अदालत में केवल सर्वोच्च न्यायालय में लंबित ऐसे मामलों का निराकरण किया जाएगा, जिनका समाधान आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से संभव है। विशेष लोक अदालत से पूर्व राज्य, जिला, तहसील एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समितियों के मध्यस्थता केंद्रों में लगातार सुलह एवं मध्यस्थता बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा संबंधित विधिक सेवा प्राधिकरणों के अधिकारी पक्षकारों को आपसी सहमति से विवाद के समाधान के लिए सहयोग प्रदान कर रहे हैं। पक्षकार इन बैठकों में स्वयं उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन माध्यम से भी शामिल हो सकते हैं।

### विभिन्न प्रकरण व मामले किए जा सकते हैं प्रस्तुत



इस विशेष लोक अदालत में बैंकिंग विवाद, सिविल प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा, क्षतिपूर्ति प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 (एन.आई. एक्ट) से संबंधित मामले, पारिवारिक विवाद, श्रम संबंधी प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, संपत्ति कर, सेवा संबंधी विवाद, किरायेदारी एवं बेदखली के मामले, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर संबंधी प्रकरण सहित अन्य ऐसे मामले शामिल किए जाएंगे, जिनका समाधान आपसी सहमति से संभव है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अधिवक्ताओं, वादकारियों तथा संबंधित पक्षों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें तथा अपने ऐसे मामलों को विशेष लोक अदालत में शामिल कराकर आपसी सहमति से शीघ्र एवं प्रभावी समाधान प्राप्त करें। सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत-2026) में शामिल कराने के लिए ऑनलाइन गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक पक्षकार इसे भरकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। गूगल फॉर्म भरना सरल एवं सुविधाजनक है। अधिक जानकारी के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण देखा जा सकता है।

# किसानों के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का निर्बाध लाभ दिलाने तथा कृषि संबंधी सेवाओं को डिजिटल रूप से सुदढ़ बनाने के उद्देश्य से एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य किया गया है।

ऐसे किसान, जिनकी ऋण पुस्तिका या भूमि खाते में दो, तीन अथवा चार लोगों के नाम दर्ज हैं, उन्हें अलग-अलग अपना एग्रीस्टेक पंजीयन कराना होगा। साथ ही यदि एक खाते में एक से अधिक खसरा नंबर दर्ज है तो उस खाते के समस्त सहखातेदारों को भी उन सभी खसरों पर अपना पंजीयन कराना होगा।

इससे प्रत्येक किसान का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा और भविष्य में योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। समय पर एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं कराने की स्थिति में किसानों को समर्थन मूल्य पर धान एवं अन्य फसलों की बिक्री में कठिनाई हो सकती है।

साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में भी बाधा आ सकती है। किसानों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपना एग्रीस्टेक पंजीयन अवश्य करा लें।

पंजीयन संबंधी अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए किसान अपने पटवारी, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सेवा सहकारी समिति अथवा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से संपर्क कर सकते हैं।

## समाज के संगठनात्मक विस्तार और युवा नेतृत्व को मजबूत करने पर जोर

# कवर्धा में सर्व यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सर्व यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक में समाज के संगठनात्मक विस्तार और युवा नेतृत्व को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से चंद्रेश यादव को सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस दौरान समाज के जिला अध्यक्ष ओम यदू, संरक्षक राकेश यदू, कनस यादव, डॉ एनएल यदू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष यादव, धनीराम यादव, जलेश यादव, हिरामणि ग्वाल सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा सदस्य और समाज प्रमुख मौजूद रहे। बैठक में समाज के संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। ओम यदू ने कहा कि युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और समाज को संगठित करने के लिए युवा प्रकोष्ठ की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी की सहमति से चंद्रेश को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इससे पहले भी युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर दो बार बैठक आयोजित की गई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका था।

इस बार समाज के प्रमुख पदाधिकारियों और वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से चंद्रेश यादव के नाम पर सहमति बनी और उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चंद्रेश यादव ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। समाज के मार्गदर्शन में युवाओं को जोड़ने, संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि युवा प्रकोष्ठ का विस्तार जिले के सभी विकासखंड, तहसील और स्थानीय स्तर तक किया जाएगा। इसके तहत ब्लॉक, तहसील एवं जिला स्तर पर युवा पदाधिकारियों की नियुक्ति समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन और निर्देशानुसार की जाएगी, ताकि संगठन की गतिविधियां गांव-गांव तक प्रभावी रूप से संचालित हो सकें।



### संगठन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ेगी

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि चंद्रेश के नेतृत्व में युवा प्रकोष्ठ संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और समाज के सामाजिक, शैक्षणिक व संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी। उपस्थित सदस्यों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखने और समाजहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प भी लिया।

# ओडीएफ प्लस जिला बनाए जाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले को ओडीएफ प्लस बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के मैदानी कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसके लिए विभागीय टीम गठित कर अलग-अलग ग्रामों में दौरा कर बैठके, घर-घर संपर्क कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के विषय पर ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है।

जिला पंचायत सीईओं अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नए नियम के साथ-साथ सोकपिट निर्माण, नाडेप टैंक निर्माण एवं इसका उपयोग करने ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें बताया जा रहा हैं की स्वच्छता सिर्फ कचरा उठाने तक सीमित नहीं है। बल्कि पानी के सही निपटान के लिए हर घर में सोकपिट बनाना भी जरूरी है।



साथ ही साथ सामुदायिक स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी सरपंच, सचिव एवं स्व-सहायता समूहों को लगातार ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर 02 अक्टूबर 2026 तक कबीरधाम को ओडीएफ प्लस जिला बनाने में सहयोग करने कहा जा रहा है, क्योंकि सामूहिक प्रयास से ही इसे पूरा किया जा सके।